हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–116 : जौनपुर, गुरुवार 23 जून 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया


## डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अर्पित की पुष्पांजलि –मुख्यमंत्री योगी

पत्रकार मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ – मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज सवेरे डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल पहुंचे यहां उन्होंने भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा व चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि आज डॉ मुखर्जी की पावन कुछ स्थिति है आज के आज ही के दिन 1935 3 को मुखर्जी ने कश्मीर मुद्दे पर अपना बलिदान दिया था उनका बलिदान स्वतंत्र भारत का ऐसा बलदान था जिसने उस समय पूरे देश को झकझोर रख दिया था जो आंदोलन कश्मीर के लिए किया वह कांग्रेस के दुष्टि करण के राजनीति के खिलाफ था डॉक्टर मुखर्जी ने एक देश में दो प्रधान दो विधान दो निशान नहीं चलने देने की बात कही थी डॉक्टर मुखर्जी महान स्वतंत्रता सेनानी संग्राम सेनानी महान शिक्षाविद महान समाज सुधारक और भारत माता के महान सपूतों उनके बलिदान का ही परिणाम है कि आज कांग्रेस की गलत संधि के कारण कश्मीर और देश के खिलाफ जो धारा 370 के रूप में कश्मीर पर थोप कर जो साजिश रची गई थी उसे अलगाववाद आतंकवाद को बढ़ावा दिया गया उस ना जाए इस कानून को आज प्रध



ाानमंत्री के मंशा रूप और उनके नेतृत्व में कश्मीर से धारा 370 से मुक्त हो चुका है कश्मीर आज विकास और अखंडता के रूप में आगे बढ़ रहा है मैं पूरे देश की ओर से विनय विनम्र श्रद्धांजलि देता हूं मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला लखनऊ महानगर अध्यक्ष एमएलसी मुकेश शर्मा पूर्व मंत्री एवं विधायक आशुतोष टंडन विध ाायक डॉक्टर नीरज बोरा पूर्व विधायक सुरेश चंद तिवारी महानगर महामंत्री त्रिलोक सिंह अधिकारी व बड़ी संख्या में महानगर पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे और श्याम प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा व चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए लखनऊ महानगर में बूथ स्तर पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई और कार्यकर्ताओं द्वारा श्याम प्रसाद मुखर्जी को स्मरण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

## लखनऊ गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी के संयोजन से प्रेस क्लब में सर्वधर्म सम्मेलन–धार्मिक संसद आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ गुरूद्वारा प्रबन्ध ाक कमेटी के तत्वाधान में दिनांक 23.06.2022 स्थान प्रेस क्लब लखनऊ में सर्वधर्म सम्मेलन–धार्मिक संसद आयोजित किया गया। जिसमें सभी धर्मों के धर्म गुरूओं एवं अनुयायियों ने भाग लिया। स.राजेन्द्र सिंह बग्गा, अध यक्ष लखनऊ गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी ने अवगत कराया कि इस धर्म संसद को देश और विदेश में रह रहे अल्पसंख्यक वर्गों की सुरक्षा, आत्मसम्मान, एवं स्वतन्त्र रूप से धर्म को मानने हेतु आपसी भाईचारे एवं धार्मिक सौहार्द के लिए कराया जा रहा है। वर्तमान में अफगानिस्तान एवं पाकिस्तान में हुई सिक्ख समाज के लोगो की हत्या, ईसाई, सिन्धियों एवं हिन्दुओं का पलायन लगातार जारी है एवं आश्चर्य है कि पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान दोनों देशों का उदासीन रवैय्या है। न केवल पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान में धार्मिक सौहार्द का हनन हो रहा है बल्कि इन दोनों देशों के कुक्ख्यात आतंकवादी संगठन भारत में भी ध ाार्मिक सौहाद्रता को क्षति पहुचाने एवं आपसी भाईचारे को विध्वंस्त करने के लिए प्रयत्नशील है। जिसके कारण सभी धर्मो के धर्म गुरूओं की नैतिक जिम्मेदारी है कि धार्मिक सौहार्द को सुदृढ़ करने के लिए कृत संकल्प रहे। इसी उद्देश्य से यह सर्वधर्म सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। स. हरपाल सिंह जग्गी, महामंत्री लखनऊ गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी एवं अध्यक्ष गुरूद्वारा सदर ने अवगत कराया कि दो तीन दिन पूर्व अफगानिस्तान स्थित 'करते परवान गुरूद्वारे' में आतंकवादियो द्वारा हमला किया गया, जिसमें कि सिक्ख समुदाय से स. सुरविन्दर सिंह को शहीद कर दिया गया। हिन्दू एवं सिक्खों को गुरूद्वारे में बन्दी बना कर मारा पीटा गया। गुरू ग्रन्थ साहिब को अपमानित किया गया एवं गुरूद्वारे की बिल्डिंग को बम से हमला कर क्षति पहुँचाई गयी साथ में धमकी दी गयी कि हिन्दू और सिक्खों को अफगानिस्तान छोड़ कर जाना पड़ेगा या धर्म परिवर्तन करना पड़ेगा। पूर्व में पाकिस्तान खैबर पख्तूनवा मीना बाजार में भी दो




सिक्ख दुकानदारों की हत्या कर दी गयी एवं दोनों घटनाओं में खुरासन आतंकवादी संगठन द्वारा जिम्मेदारी ली गयी। उल्लेखनीय है कि पूर्व में पाकिस्तानी सिक्ख सांसद की भी हत्या कर दी गयी थी। अफगानिस्तान में सिक्खों के अतिरिक्त इसाईयों को भी जान से मारा गया एवं उनके ईबादतगाहों को भी क्षति पहुचाई। इसाई महिलाओं के साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया। पाकिस्तान में सिन्ध प्रान्त में रह रहे सिन्धी भी अपने को असुरक्षित महसूस करते है एवं निरन्तर उनके ऊपर तरह–तरह के जुल्म पाकिस्तानी आतंकवादी संगठनों द्वारा किये जा रहे हैं। हिन्दू एवं सिक्ख कन्याओं का जबरन धर्मपरिवर्तन भी कराया जा रहा है। स. सतपाल सिंह मीत प्रवक्ता ने अवगत कराया कि इस धर्म संसद का उद्देश्य देश को विदेश में घटित हुई घटनाओं से आपसी भाईचारे, धार्मिक सौहार्द का हनन न हो इस विषय में सभी धर्म गुरूओं द्वारा उनके विचारों एवं सुझावों से धार्मिक सौहाद्रता को सुदृढ़ करने हेतु प्रयास किया जा रहा है। जिसमें प्रमुख रूप से मुस्लिम समाज, सिक्ख समाज, सिन्धी समाज, बौद्ध समाज एवं सनातन मठ का एक ही मत समक्ष आया कि सभी धर्मों का मानना है कि ईश्वर एक है उसको मानने का तरीका अलग है। हर व्यक्ति को अपना धर्म एवं आस्था को मानने एवं सुरक्षित रखने का अधिकार है। हर धर्म मानव धर्म को सर्वप्रिय धर्म मानते हुए सेवा संकल्प के सिद्धान्त को मानता है। भारत में अनुच्छेद 30 के अन्तर्गत अल्पसंख्यको के अधिकार एवं सुरक्षा पर विशेष महत्व दिया गया है जोकि शायद किसी देश में देखने को नहीं प्राप्त हुआ है। सभी धर्मों के धर्म गुरूओं द्वारा लखनऊ गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी के तत्वाधान में एक ज्ञापन माननीय राष्ट्रपति जी को दिनांक 26 जून 2022 को सौंपा जा रहा है जिसमें कि विदेश में रह रहे विशेषतौर पर पाकिस्तान और अफगानिस्तान के अल्पसंख्यकों की सुरक्षा आत्मसम्मान, जान–माल को सुनिश्चित करने हेतु अनुग्रह किया गया है एवं भारत सरकार से मांग की गई है कि दोनों देशों में हुई आतंकवादी घटनाओं को अफगानिस्तान एवं पाकिस्तान सख्ती से निपटे यदि ये दोनों देश अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को सुनिश्चित नहीं करते तो भारत निर्णायक भूमिका विश्व मानव अधिकार आयोग के सहयोग से निभायेगा। इस बैठक में मुख्य रूप से मुस्लिम धर्म के सूफीयान निजामी, इसाई धर्म से क्राईश्च चर्च कालेज के प्राचार्य क्षेत्री जी, ब्रह्मकुमारी आध्यात्मिक केन्द्र से राधा बहन, सिन्धी समाज से मुरलीध ार अहूजा, इसाई समाज से फादर डॉनल्ड, सिक्ख समाज के अनुयायी एवं गुरद्वारा प्रबन्धक कमेटी के सदस्य स. तेजपाल सिंह रोमी, स. दलजीत सिंह टोनी, परविंदर सिंह सदस्य अल्पसंख्यक आयोग,जसविंदर सिंह सदस्य उ0प्र0पंजाबी अकेडमी, स. हरपाल सिंह गुरद्वारा इन्दिरानगर, स. हरमिन्दर सिंह टीटू, स. इन्दर सिंह छाबड़ा, स. जसविन्दर सिंह बेदी, स. सुरिन्दर सिंह गोलू, स. परमजीत सिंह लाली,भंते ज्ञान लोक थोरो, महा बोधी सोसाइटी आफ इंडिया, लखनऊ आदि सम्मिलित थे।

## चाय बनाते समय गैस लीकेज से लगी आग : महिला दो मासूम बच्चों सहित पांच बुरी तरह झुलसे : बीएचयू ट्रामा सेंटर रेफर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : महराजगंज थाना क्षेत्र के केवटली डेल्हूपुर के विश्वकर्मा बस्ती में गुरुवार की सुबह चाय बनाते समय हुए गैस लीकेज में छप्पर सहित महिला उसके दो बच्चे व बचाने में महिला के ज्येष्ठ व पति बुरी तरह झुलस गए।आनन फानन में एम्बुलेंस से झुलसे लोगों को सीएचसी ले जाया गया जहाँ हालत नाजुक देख जिला अस्पताल से बीएचयू ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। केवटली डेल्हूपुर निवासी सुरेश विश्वकर्मा के छोटे भाई अखिलेश विश्वकर्मा(28) की पत्नी नीलम(26) घर पर छप्पर में बने रसोई में चाय बना रही थी ऐसे में गैस सिलेंडर के पाइप में रिसाव होने से आग की लपटें से छप्पर जलने लगा ऐसे में रसोई में चाय बना रही नीलम उसके दो बच्चे शिवांश(5), युवराज(3) चपेट में आ गए लपटे देख अखिलेश व सुरेश बचाने के चक्कर मे झुलस गए जिसमे सुरेश विश्वकर्मा बुरी तरह झुलस गए आनन फानन में आसपास के लोगों द्वारा किसी तरह आग पर काबू पाया गया घटना की सूचना पर थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ल द्वारा एम्बुलेंस से झुलसे लोगों को सीएचसी ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहाँ से स्थिति नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए बीएचयू ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।

## थाना खेतासराय पुलिस द्वारा गोबध में चल रहे वांछित को नाजायज तमंचा के साथ किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद मे अपराध की रोक थाम व अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अध ाीक्षक नगर डा0 श्री संजय कुमार के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज जौनपुर श्री अंकित कुमार के पर्वेक्षण में थानाध यक्ष यजुवेंद्र कुमार सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा गश्त के दौरान गोवध में चल रहे वांछित अभियुक्त मो0 दिलशाद पुत्र स्व0 मुस्लिम निवासी रानी मऊ थाना खेतासराय जनपद जौनपुर को एक अदद नाजायज तमंचा मय कारतूस के साथ गोरारी बाजार (रानी मऊ मोड़) के पास से समय करीब 4:10 बजे सुबह में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0–105/2022 धारा–3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। आपराधिक इतिहास– 1.मु0अ0सं0 105/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना खेतासराय जौनपुर। 2.मु0अ0सं0 58/2022 धारा 3/5।/8 उ0 प्र0 गोवध निवारण अधिनियम थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 3. मु0 अ0 सं0 37/2022 धारा 3(1) उ0 प्र0 गैंगस्टर एक्ट थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 4.मु0अ0सं0 151/2021 ध ारा 3/5ए/8 उ0 प्र0 गोवध निवारण अधिनियम व 11पशु कुरता अधिनियम थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 5.मु0 अ0 सं0 1528 / 2017 धारा




3/5ए/8 उ0 प्र0 गोवध निवारण अधिनियम व 419 420 467 468 471 307 427 भादवि थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 6.मु0अ0स0 1871/2017 ध ारा3/5ए/8 उ0 प्र0 गोवध निवारण अधिनियम व 11पशु कुरता अधिनियम थाना खेता सराय जौनपुर 7.मु0अ0स0 531/2017 धारा 147 148 149 307 323 352 506 भादवि व 7ClA ACT थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 8. मु0अ0 सं0 93 / 2021 धारा 406 भादवि थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1.एक नाजायज तमंचा 315 बोर। 2. एक जिंदा कारतूस 315 बोर। गिरफ्तारी करने वाली टीम के सदस्य– 1. यजुवेंद्र कुमार सिंह, थानाध्यक्ष थाना खेतासराय जौनपुर। 2.उ0नि0 हरिशंकर यादव थाना खेतासराय जौनपुर। 3.हे0का0 रंजन कुमार सिंह थाना खेतासराय जौनपुर। 4.हे0का0 अनन्त यादव थाना खेतासराय जौनपुर। 5.हे0का0 मंहगू यादव थाना खेतासराय जनपद जौनपुर।

## पूरे देश में लागू हुआ 'वन नेशन वन राशन कार्ड' अब कहीं से भी ले सकते हैं उपभोक्ता राशन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में वन नेशन वन राशन कार्ड एक क्रांतिकारी योजना बनकर उभरी है। इस योजना की वजह से देश के लाखों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। असम राज्य के वन नेशन वन राशन कार्ड लागू करने के बाद अब ये योजना पूरे देश में लागू हो चुकी है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के मुताबिक असम वन नेशन वन राशन कार्ड को लागू करने वाला देश का 36वां राज्य बन गया है। इसके साथ ही योजना को सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सफलतापूर्वक लागू किया गया है, जिससे पूरे देश में खाद्य सुरक्षा क्रियान्वित हो गई है। दरअसल, राशन कार्ड धारक देश के किसी भी राज्य से आसानी से राशन ले सकेंगे। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की वन नेशन वन राशन कार्ड योजना से जहां फर्जी राशन कार्ड और भ्रष्टाचार में कमी आई है वहीं इस योजना में कोई नए राशन कार्ड बनवाने की भी जरूरत नहीं है बल्कि पुराने राशन कार्ड भी मान्य होंगे। 'कोविड महामारी के समय प्रवासी हुए लाभार्थी' कोविड–19 महामारी के पिछले दो वर्षों के दौरान वन नेशन वन राशन कार्ड योजना ने एनएफएसए (राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधि ानियम) के लाभार्थियों, विशेष रूप से प्रवासी लाभार्थियों को रियायती राशन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह देश में अपनी तरह की एक विशेष नागरिक केंद्रित पहल है, जिसे अगस्त 2019 में शुरू किए जाने के बाद से लगभग 80 करोड़ लाभार्थियों को कवर करते हुए बहुत कम समय में तेजी से लागू किया गया है। 'कहीं से भी ले सकते हैं राशन' इस लाभार्थी केंद्रित योजना का उद्देश्य सभी राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम लाभार्थियों को देश में कहीं पर भी अपनी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सशक्त बनाना है। इससे वे अपने मौजूदा राशन कार्डों की पोर्टेबिलिटी के माध्यम से अपनी पसंद की किसी भी उचित मूल्य की दुकान से अपने अधिकार के सब्सिडी वाले राशन (आंशिक या पूर्ण) को निर्बाध रूप से उठा सकते हैं। यह लाभार्थियों के परिवार और सदस्यों को उनकी पसंद के एफपीएस से अपने मूल स्थान या किसी और जगह पर भी उसी राशन कार्ड पर शेष,आवश्यक मात्रा में खाद्यान्न उठाने में सक्षम बनाता है। 'योजना लागू होने के बाद पोर्टेबिलिटी' अगस्त 2019 में इस योजना की शुरुआत होने के बाद से लगभग 71 करोड़ पोर्टेबल लेनदेन (43.6 करोड़ एनएफएसए और 27.8 करोड़ च्डळझ्ल लेनदेन) वन नेशन वन राशन कार्ड के तहत हुए हैं, जिससे पोर्टेबिलिटी के माध्यम से खाद्य सब्सिडी में लगभग 40,000 करोड़ रुपये के मूल्य का खाद्यान्न वितरित किया गया है। वहीं कोविड–19 अवधि ा के दौरान (अप्रैल 2020 से लेकर अब तक) लगभग 64 करोड़ पोर्टेबल लेनदेन दर्ज किए गए हैं, जिसमें पोर्टेबिलिटी के माध्यम से खाद्य सब्सिडी में लगभग 36,000 करोड़ रुपये मूल्य के बराबर खाद्यान्न वितरित किया गया है। इन 64 करोड़ पोर्टेबल लेनदेन में से 27.8 करोड़ पोर्टेबिलिटी लेनदेन पीएमजीकेएवाई (प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना) के तहत किए गए थे, जिसे मार्च 2020 में एनएफएसए लाभार्थियों को अतिरिक्त मुफ्त खाद्यान्न (चावल/गेहूं) के वितरण के लिए किया गया था ताकि कोविड से उत्पन्न कठिनाइयों को कम किया जा सके। इसके अतिरिक्त, एक प्रमुख संकेतक के रूप में वर्तमान में लगभग 3 करोड़ पोर्टेबल लेनदेन का मासिक औसत दर्ज किया जा रहा है, जिससे लाभार्थियों को कहीं भी लचीलेपन के साथ सब्सिडी वाला एनएफएसए और मुफ्त पीएमजीकेएवाई खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। 'मेरा राशन' मोबाइल ऐप' (वन नेशन वन राशन कार्ड) योजना के तहत एक अन्य पहलू 'मेरा राशन' मोबाइल एप्लीकेशन है, जिसे वन नेशन वन राशन कार्ड योजना का अधिकतम लाभ उठाने के लिए शुरू किया गया है। मोबाइल ऐप लाभार्थियों को उपयोगी वास्तविक समय की जानकारी प्रदान कर रहा है और 13 भाषाओं में उपलब्ध है। अब तक इस ऐप को गूगल प्ले स्टोर से 20 लाख से ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका है।


## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक


## लक्ष्मणपुरी से द्वारिकापुरी तक श्रीकृष्ण लीला यात्रा 23 जून को हुई प्रारम्भ

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। विश्व साधु परिषद के अध्यक्ष डॉक्टर स्वामी भगवदाचार्य जी महाराज एवम् स्वामी ब्रह्म वेदांताचार्य जी महाराज श्री कृष्ण प्रणामी कंचनपुर मटियारी के संयोजन में लक्ष्मणपुरी



से द्वारिका पुरी तक श्री कृष्ण लीला यात्रा 23 जून 2022 से 10 जुलाई 2022 तक होगी। यात्रा का प्रारंभ राजधानी के बादशाहनगर रेलवे स्टेशन से हुआ। यात्रा में तमाम संत महात्मा शामिल हुए।

## एंबुलेंस में ईएमटी अनिल कुमार तिवारी ने सुरक्षित प्रसव कराया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गाड़ी संख्या यूपी 32bg9017 के ईएमटी अनिल कुमार तिवारी चालक अरुण कुमार ने एंबुलेंस में सुरक्षित प्रसव कराया मधुवन नगर से राजपाल ने 108एंबुलेंस पर कॉल किया जिसकी सूचना मिलने पर एंबुलेंस अवध चौराहा से मधुवन नगर पहुंचती हैं और मरीज को हॉस्पिटल लेकर जाते समय प्रसव पीड़ा तेज होने पर एंबुलेंस मे ही ईएमटी अनिल कुमार तिवारी के द्वारा सुरक्षित प्रसव कराया गया और जच्चा, बच्चा को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया।

## पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा फार्म भरने की तिथि 25 तक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय एवं इससे संबद्ध महाविद्यालयों में पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा आनलाइन फार्म भरने की तिथि 22 जून से बढ़ाकर 25 जून 2022 कर दी गयी है। यह निर्णय कुलपति के निर्देश पर लिया गया है। इसकी हार्ड कापी विश्वविद्यालय में जमा करने की तिथि 30 जूनघ निर्धारित की गयी है। यह जानकारी कुलसचिव द्वारा जारी कार्यालय आदेश में दिया गया है। प्रवेश परीक्षा की तिथि बाद में घोषित की जाएगी।

## बिजली बिल बकाये पर कटी लाइन को जोड़ने पर मुकदमा दर्ज

मछलीशहर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : स्थानीय क्षेत्र के विकास खण्ड मछली शहर में बिजली बिल में ब्याज माफी योजना की अंतिम तिथि 30 जून है इसके बावजूद बकायेदार उपभोक्ताओं द्वारा बकाया



बिल जमा करने की संख्या कम है जिस पर ऊर्जा प्रबन्धन सख्त है जिसके कारण बकाये पर बिजली काटने की कार्यवाही लगातार की जा रही है। चेकिंग अभियान के तहत मछली शहर एसडीओ अमर सिंह पटेल, जे. ई. अभिषेक केसरवानी एवम लाइन स्टाफ की टीम के द्वारा मछलीशहर कस्बे के मोहल्ला कजियाना, कोतवाली एवम बाउली में चेकिंग किया गया तथा पूर्व में बकाये पर काटी गई लाइन को अवैध रूप से जोड़कर चलाते पाए जाने पर दो लोगों के विरुद्ध धारा 138 बी. तथा मीटर बाईपास व डायरेक्ट कटिया से बिजली चोरी करने वाले तीन बिजली चोरों पर धारा 135 के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया गया। उपरोक्त चेकिंग टीम में जे. एम.टी. संजय , लाइनमैन रमाकांत, ज्ञानेन्द्र, फिरोज, हुबलाल, राजेश, सुनील, विजय आदि मौजूद रहे।


facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram


–सुविचार–

श्रद्धा ज्ञान देती है, नम्रता मान देती है, योग्यता स्थान देती है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

### मुर्मू की उम्मीदवारी पर मोहर के मायने और आगामी चुनावी राजनीति के लिए एनडीए का संदेश

सवाल यह उठता है कि विपक्ष सभी पार्टियों को एकजुट करने के लिए किसे अपना वार्ताकार बनाता है, जो सभी पार्टियों के नेताओं से बात करे। यशवंत सिन्हा और कपिल सिब्बल ने कहा है कि वे विपक्ष को एकजुट करने की पहल करेंगे। अगर विपक्ष इसे अवसर मानकर एकजुट होने की कोशिश करे, तभी कुछ हो सकता है, अन्यथा विपक्ष की स्थिति कोई अच्छी नहीं है।

अगले राष्ट्रपति चुनाव के लिए एनडीए ने द्रौपदी मुर्मू को अपना उम्मीदवार बनाया है। हालांकि पहले से ही कहा जा रहा था कि इस बार किसी महिला को उम्मीदवार बनाया जाएगा और हो सकता है कि वह अनुसूचित जनजाति की महिला हों। चूंकि नरेंद्र मोदी हमेशा आखिरी क्षणों में लोगों को आश्चर्यचकित करते रहे हैं, इसलिए लोगों को लग रहा था कि इस बार भी वह कोई चौंकाने वाला फैसला कर सकते हैं। हालांकि निर्वाचक मंडल में एनडीए के पास 49 प्रतिशत वोट थे, और किसी उम्मीदवार को जिताने के लिए 50 प्रतिशत वोट चाहिए होते हैं।

चूंकि नवीन पटनायक और जगन मोहन रेड्डी भी प्रधानमंत्री से मिल चुके थे और कहा गया था कि उन्होंने समर्थन का वादा किया था, हालांकि उन्होंने खुलकर कुछ नहीं कहा था। फिर भी यह लगभग तय था कि अगर ये पार्टियां समर्थन नहीं भी करेंगी, तो भी छोटी पार्टियों और निर्दलियों के समर्थन से एनडीए का उम्मीदवार जीत जाएगा, जैसा कि हमने राज्यसभा चुनाव और महाराष्ट्र के विधान परिषद के चुनाव में देखा। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री ने राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को अन्य दलों से सर्वानुमति बनाने के काम पर लगा दिया था।

ऐसा लगता था कि वह यह संदेश देना चाहते थे कि वह सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं, क्योंकि हाल के दिनों में उन्हें कई झटके झेलने पड़े थे। जैसे पैगंबर मोहम्मद पर आपत्तिजनक बयान और अग्निपथ योजना को लेकर भाजपा बैकफुट पर थी। इसके बावजूद उम्मीदवार चयन को लेकर सर्वानुमति बनाने की कोई ठोस पहल नहीं की गई थी। जब द्रौपदी मुर्मू का नाम सामने आया, तो स्पष्ट हो गया कि काफी सोच–विचार कर उनके नाम पर फैसला हुआ है, क्योंकि इसका एक बड़ा महत्व है।

एक अनुसूचित जनजाति की महिला को देश के शीर्ष पद का उम्मीदवार बनाने का मतलब यह कि देश के लोकतंत्र में उपेक्षित और वंचित तबकों को ऊपर उठने का मौका मिल रहा है। हमारे देश में एक बड़ा हिस्सा पिछड़ा रहा है, ऐसे में एक आदिवासी महिला का राष्ट्रपति बनना महत्व रखता है, चाहे वह प्रतीकात्मक ही क्यों न हो। बेशक यह सवाल अपनी जगह है कि रामनाथ कोविंद के राष्ट्रपति बनने से दलितों के जीवन पर कितना फर्क पड़ा या उन्होंने दलितों के लिए क्या किया, लेकिन इसके महत्व से इनकार नहीं किया जा सकता।

हमारे देश में सात–आठ राज्य ऐसे हैं, जहां अनुसूचित जनजाति के लोग बड़ी संख्या में हैं। देश में आदिवासियों की आबादी 8.6 फीसदी है। द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाए जाने से उनके बीच क्या संदेश जाएगा, यह आगामी चुनावी राजनीति के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है। पश्चिमी भारत और हिंदी पट्टी क्षेत्रों में, जहां भाजपा का बहुत बड़ा दांव है, एनडीए के इस फैसले का असर हो सकता है। लेकिन यह इस बात पर निर्भर करता है कि मुर्मू कैसे पेश आती हैं और भाजपा इसका किस तरह फायदा उठाती है।

फिलहाल एनडीए ने अपने उम्मीदवार की जीत और भी सुनिश्चित कर ली है, क्योंकि ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस फैसले का स्वागत किया है, क्योंकि द्रौपदी मुर्मू ओडिशा से ही ताल्लुक रखती हैं। चूंकि द्रौपदी मुर्मू झारखंड की राज्यपाल रही हैं और झारखंड अनुसूचित जनजाति बहुल राज्य है, इसलिए हेमंत सोरेन भी उनका समर्थन करने के लिए बाध्य हो जाएंगे। इस तरह से एनडीए ने करीब 60 फीसदी वोट पक्का कर लिया है। लेकिन द्रौपदी मुर्मू का महत्व सिर्फ राष्ट्रपति चुनाव जीतने तक सीमित नहीं है।

आरएसएस ने दशकों से आदिवासी बहुल इलाकों में वनवासी कल्याण आश्रम के जरिये काफी काम किया है। देश में दलित राजनीति सामने आई है, महिला राजनीति भी सामने आ रही है, अल्पसंख्यक राजनीति सामने आई है और अब आदिवासी राजनीति को एक नई बढ़त मिलेगी। आदिवासियों की आकांक्षा को नई बढ़त मिलेगी। इस फैसले से निश्चित रूप से आदिवासियों को महत्व दिया गया है, जिसका असर 2024 के लोकसभा चुनाव में दिखेगा। अब बात करते हैं विपक्ष की, जिसने यशवंत सिन्हा को राष्ट्रपति पद के लिए अपना उम्मीदवार बनाया है।

शुक्र है कि शरद पवार, फारूक अब्दुल्ला और गोपाल कृष्ण गांधी के इनकार करने के बाद अंततः विपक्ष को एक उम्मीदवार मिल गया। अगर यशवंत सिन्हा भी इनकार कर देते, तो विपक्ष की भद पिट जाती। लेकिन यशवंत सिन्हा ने तृणमूल कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया और उन्होंने कहा कि वह विपक्ष की एकजुटता के लिए कोशिश करेंगे। विपक्ष ने जिस तरह से उम्मीदवार का चयन किया है, उससे उसकी लापरवाही, तैयारी की कमी, एकजुटता का अभाव सामने आया है। तीन उम्मीदवारों का इनकार कर देना कोई छोटी बात नहीं है।

एक ऐसा भी जमाना था, जब पूरी तैयारी के साथ राजनीति की जाती थी। बेशक खुलासा नहीं किया जाता था, लेकिन इंदिरा गांधी एक साल पहले ही तय कर लेती थीं कि अगला राष्ट्रपति उम्मीदवार कौन होगा। हालांकि वह काफी कद्दावर नेता थीं, जैसे कि आज नरेंद्र मोदी हैं, लेकिन काफी सोच–विचार कर तैयारी के साथ ही वह उम्मीदवार का चयन करती थीं। गठबंधन की राजनीति में ऐसा कर पाना किसी के लिए भी मुश्किल होता है। लेकिन यह मानते हुए भी, पर्दे के पीछे तैयारी तो होनी ही चाहिए थी।

एक समय था, जब सब कुछ पहले तय हो जाता था और बैठक में बस साझा फैसला घोषित होता था, लेकिन आज विपक्ष बैठक में किसी फैसले पर पहुंचने के लिए सोचना शुरू करता है। जाहिर है, राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष के उम्मीदवार की जीत तो होनी नहीं है, लेकिन इस लड़ाई के जरिये विपक्ष दो दिशा में कदम बढ़ा सकता है। एक तो विपक्ष की एकता की दिशा में बढ़ना और जहां तक हो सके, एकजुट रहकर लड़ना तथा 2024 की तैयारी करना और दूसरा, देश में लोगों के सामने भाजपा के विकल्प के रूप में खुद को पेश करना।

अब सवाल यह उठता है कि विपक्ष सभी पार्टियों को एकजुट करने के लिए किसे अपना वार्ताकार बनाता है, जो सभी पार्टियों के नेताओं से बात करे। यशवंत सिन्हा और कपिल सिब्बल ने कहा है कि वे विपक्ष को एकजुट करने की पहल करेंगे। अगर विपक्ष इसे अवसर मानकर एकजुट होने की कोशिश करे, तभी कुछ हो सकता है, अन्यथा विपक्ष की स्थिति कोई अच्छी नहीं है, जो अभी महाराष्ट्र के ताजा घटनाक्रम में भी दिख रहा है। विपक्ष को एक नए जोश, नई एकता के साथ सामने आना होगा, जो अब तक गायब रही है, क्योंकि वह हर जगह विफल होता जा रहा है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# एक जुलाई से संचारी रोग अभियान चलाने के मुख्यमंत्री योगी ने दिए निर्देश

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी ने नगर निकायों को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाने और निकायों की आय में वृद्धि करने के साथ ही जीडीपी बढ़ाने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि हर निकायों के क्षेत्र में आय बढ़ाने के तमाम संसाधनों के अलावा कई तरह की क्षमताएं उपलब्धा हैं। इसलिए सभी निकायों की आय बढ़ाने को लेकर किए जा रहे प्रयासों की नियमित समीक्षा की जाए। इसके अलावा एक जुलाई से संचारी रोग अभियान चलाने और स्कूलों में बच्चों को स्वच्छता के बारे में बताने को कहा है। मुख्यमंत्री ने नगर निगम, नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों की आय बढ़ाने के लिए बकाये गृहकर, जलकर व अन्य प्रकार के कर की वसूली को शत–प्रतिशत पूरी करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि निकायों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के जरिए भी मदद देकर आत्मनिर्भर बनान का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन निकायों को अपने स्तर से भी प्रयास करने होंगे। निकायों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी तो शहरों में रहने वाले नागरिकों को भी बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। इसलिए निकायों को आय बढ़ाने के लिए पुरी कोशिश करनी होगी।



निजी विवि के लंबित आवेदनों की समीक्षा कर रिपोर्ट दें मुख्य सचिव : योगी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना से जुड़े मामलों पर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने मुख्य सचिव को निजी विवि से संबंधित लंबित सभी आवेदनों की समीक्षा करके मुख्यमंत्री कार्यालय को रिपोर्ट देने को कहा है। साथ ही प्रदेश में औद्योगिकीकरण की रफ्तार तेज करने के लिए नई औद्योगिक, इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल, वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक नीति तैयार करने तथा संशोधित व नई नीति तैयार करते समय उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से भी परामर्श लेने के निर्देश दिए हैं।

## इंतजामिया कमेटी पर केस दर्ज करने की मांग पर जिला जज ने की सुनवाई

वाराणसी ब्यूरो : ज्ञानवापी प्रकरण में अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी और अन्य सहयोगियों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर दाखिल रिवीजन याचिका पर आज जिला जज डॉ अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में सुनवाई हुई। दोनों पक्ष की बहस सुनने के बाद जिला जज ने आदेश को सुरक्षित रख लिया जो शाम तक आने की उम्मीद है। यह याचिका विश्व वैदिक सनातन संस्था के प्रमुख जितेंद्र सिंह विसेन की ओर से अधिवक्ता अनुपम द्विवेदी, शिवम गौड़, सुभाष नंदन चतुर्वेदी के जरिए दाखिल की गई है। पूर्व में विसेन के आवेदन को स्पेशल सीजेएम ने यह कहते हुए खारिज किया था कि मामला सिविल कोर्ट में भी चल रहा है। विश्व वैदिक सनातन संघ ने 14 जून को ज्ञानवापी परिसर में साक्ष्यों के अलावा शिवलिंग को क्षति पहुंचाने के खिलाफ वाद दाखिल करने के लिए जिला न्यायालय में आवेदन दिया था। इसके अनुसार अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी और अन्य सहयोगियों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई। उन पर आरोप है कि मंदिर के ढांचे को क्षतिग्रस्त करके साक्ष्यों संग छेड़छाड़ और हिंदू आस्था पर कुठाराघात किया गया है। स्पेशल सीजेएम की अदालत ने किया था खारिज इसके पहले 30 मई



को स्पेशल सीजेएम सर्वोत्तमा नागेश वर्मा की अदालत में विश्व वैदिक हिंदू सनातन संस्था के प्रमुख जितेंद्र सिंह विसेन ने अधिवक्ता अनुपम द्विवेदी के जरिए आवेदन दाखिल किया था। इसमें कहा गया था कि धार्मिक स्वरूप बदलना विशेष पूजा स्थल अधिनियम 1991 का उल्लंघन है। वजू स्थल के पास बरामद शिवलिंग के स्वरूप को बदलने का प्रयास किया गया। ऐसे में अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी के सचिव एसएम यासीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जाए। तब अदालत ने यह मामला खारिज कर दिया था। इसी आदेश के खिलाफ 14 जून को को रिवीजन याचिका दाखिल की गई थी। जिस पर आज जिला जज ने सुनवाई की।

# वृक्षारोपण में राजस्व विभाग एवँ रेशम विभाग को जिलाधिकारी ने लगाई फटकार

उमाकान्त श्रीवास्तव ब्यूरो शाहजहाँपुर : जनपद के जिलाधिकारी ने बृक्षारोपण समिति की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला बृक्षारोपण समिति के तत्वावधान में बृक्षारोपण जनआंदोलन 2022 की बैठक संपन्न हुई। वर्षाकाल 2022–23 में कराए जाने बाले बृक्षारोपण की रणनीति पर भी विचार किया गया। तथा विभागवार वर्ष 2022–23 में बृक्षारोपण हेतु जुलाई के प्रथम सप्ताह में प्रस्तावित 35 करोड़ वृक्षारोपण के संबद्ध में स्थल चयन की सूचना व गड्ढा खुदान की कार्ययोजना व प्रगति तथा ग्रामपंचायत में अमृत वन उद्धयान की स्थापना हेतु स्थल चयन की सूचना व सभी विभागों से बृक्षारोपण हेतु पौधों की मांग बैठक के प्रमुख विषय रहे। पुलिस , औद्योगिक विभाग , आवास विकास , राजस्व विभाग से स्थल चयन की सूचना अप्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने तुरंत सूची उपलब्धा कराने के निर्देश दिए। इस बार सभी रोपित पौधों की जियो टैगिंग की जानी है । इसके लिए प्लेस्टोर से हरीतिमा अमृत वन मोबाइल एप्लिकेशन डाउनलोड कर प्रत्येक ग्राम की आईडी बना कर पौधारोपण हेतु चयनित स्थलों की जियो टैगिंग करनी है । बैठक में बताया गया कि जनपद जियो टैगिंग में द्वितीय स्थान पर है। पौधरोपण के लिए चयनित स्थल पर 20 पौधों को लगाना है । 20 पौधों पर ही जियो टैगिंग हो सकेगी। जियो टैगिंग में कुल गड्ढे , रोपित पौधे , पौधे की प्रजाति , सिंचाई , सुरक्षा व्यवस्था , स्थान इत्यादि की सूचना दर्ज करनी है। रोपित पौधे की उस विभाग द्वारा 3 वर्ष तक सुरक्षा भी करनी है। इसी प्रकार रेशम विभाग , नगर विकास , राजस्व विभाग को लक्ष्य से पीछे होने पर फटकार लगाई व औद्योगिक व आवास विकास की लक्ष्य के




सापेक्ष शून्य स्थिति पाए जाने पर संबंधित वेतन रोकने के आदेश दिए। प्रत्येक पंचायत में अमृत वन उद्यान स्थापित करने को सभी उपजिलाधिकारी व खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया गया अमृत वन उद्यान के अंतर्गत कम से कम 75 पौधे रोपित करने हैं जिसमे औषधीय व फलदार बृक्ष लगाए जाने हैं । जिलाधिकारी ने अमृत वन योजना को गंभीरता से लेने को कहा। तथा पौधरोपण का कम लक्ष्य रखने पर आवास विकास विभाग को व मुख्य चिकित्सा अधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए लक्ष्य को बढ़ाने को कहा। प्रभागीय वनाधिकारी आदर्श कुमार ने बताया कि 29 पौधशालाओं से सागौन , सहजन , शीसम , जामुन इत्यादि का बृक्षारोपण जनांदोलन 2022 में बृक्षों का रोपण होना है।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्याम बहादुर सिह , प्रभागीय वनाधिकारी आदर्श कुमार , जिलापंचायत राज अधिकारी घनश्याम सागर , जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित जनपद स्तरीय सभी अधिकारी मौजूद रहे।

## जनप्रतिनिधियों का फोन अवश्य उठाएं अधिकारी : मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा

लखनऊ ब्यूरो : मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा ने निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी जनप्रतिनिधियों और उच्चाधिकारियों का फोन जरूर रिसीव करें। उनकी समस्याओं पर कार्रवाई कर उन्हें अवगत भी कराएं। वे जिलों के आला अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर पिछड़े आकांक्षात्मक नगरीय क्षेत्रों को विकसित करने के संबंध में निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी जिला अधिकारी और मंडल आयुक्त अपने–अपने जिलों और मंडलों में जलभराव वाले इलाकों की समीक्षा कर बाढ़ बचाव के उपाय करें। उन्होंने कहा कि फाइलें व वित्तीय प्रस्ताव ज्यादा दिन तक लंबित नहीं रखा जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश को एक खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश बनाने में हर जिले का योगदान आवश्यक है। स्टार्टअप और न्यू स्किल के साथ हर अच्छे काम को ज्यादा से ज्यादा प्रचारित और प्रसारित करें। लखीमपुर खीरी के डीएम ने केले के रेशे से बने उत्पादों का प्रस्तुतीकरण दिया। औरैया के डीएम ने कबाड़ से बनने वाले साइंस मॉडल का प्रजेंटेशन दिया। संतकबीर नगर के डीएम ने जलभराव रोकने के प्रभावी उपायों का प्रस्तुतीकरण दिया।

# 'दयाशंकर' हत्याकांड में दोषियों को उम्र–कैद की सजा व कोर्ट ने ठोंका 1.10 लाख का अर्थदंड

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : बारह वर्ष पूर्व साजिशन मौत के घाट उतारे गये दयाशंकर हत्याकांड में अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय अभय श्रीवास्तव की अदालत ने दो आरोपियो को दोषी करार दिया है। जिन्हें अदालत ने उम्र–कैद एवं एक लाख 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामला गोसाईगंज थाना क्षेत्र के गोसाईगंज मधुवन गांव से जुड़ा है। जहां के रहने वाले शिवभोले निषाद एवं रुदई निषाद के खिलाफ कोतवाली देहात थाना क्षेत्र निवासी अभियोगी अमर बहादुर ने मुकदमा दर्ज कराया। आरोप के मुताबिक उसके भाई दयाशंकर को 22 जुलाई 2010 को आरोपी शिवभोले ने बीमारी का बहाना बताकर अपने घर बुलाया था,जिसके बाद से दयाशंकर वापस ही नही लौटा,काफी खोजबीन के बाद दो दिन पश्चात दयाशंकर का शव गोशाईगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित बेलहरी घाट पर मिला।अभियोगी के मुताबिक आरोपियो ने योजनाबद्व तरीके से उसके भाई दयाशंकर को बुलाकर मौत के घाट उतार दिया। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ और अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय की अदालत में मामले का विचारण चला। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष ने कुल सात गवाहो व अन्य साक्ष्यों को अदालत में पेश किया और आरोपियो को दोषी ठहराकर दण्डित किये जाने की मांग की। वहीं बचाव पक्ष ने अपने साक्ष्यों व तर्को को प्रस्तुत कर आरोपियो को बेकसूर बताया। उभय पक्षो को सुनने के पश्चात अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय अभय श्रीवास्तव ने अभियुक्त शिवभोले निषाद व रुदई निषाद को उम्र–कैद की सजा सुनाई है। वहीं कोर्ट ने दोषियो को 55–55 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

## बल्दीराय पुलिस का बरासिन गांव में चला छापामारी अभियान

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : पुलिस उपमहानिरीक्षक / पुलिस अधीक्षक । द्वारा जनपद में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाए जाने के उद्देश्य चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान में बल्दीराय पुलिस व बल्दीराय क्षेत्राधिकारी राजाराम चौधरी के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के ब्रासिन गांव में नदी के किनारे अवैध शराब के ठिकानों पर छापेमारी की जिससे गांव में अफरा–तफरी का माहौल रहा अवैधा शराब बनाने वाले पुलिस को आता देख फरार हो गए ब्रासीन गांव अवैध शराब बनाने में थाना क्षेत्र का चर्चित गांव है आए दिन यहां उपजिलाधिकारी पुलिस के शीर्ष अधिकारियों द्वारा छापेमारी की जाती रही है लेकिन अवैध शराब बनाने का यहां गोरखधंधा बंद होने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस क्षेत्राधिकारी राजाराम चौधरी के नेतृत्व में बल्दीराय इंचार्ज अमरेंद्र बहादुर सिंह, वल्लीपुर पुलिस चौकी इंचार्ज राजकुमार ओझा, पारा चौकी इंचार्ज प्रमोद यादव, देहली चौकी इंचार्ज हरिश्चंद्र, अपने हमराहियो के साथ ब्रासिन गांव पहुंचकर अवैध शराब के ठिकानों पर छापेमारी की



पुलिस के पहुंचते ही अवैध शराब बनाने वाले गांव छोड़कर फरार हो गए पुलिस ने मौके पर कई भट्टियों को नष्ट कराया गोमती नदी के तट पर बसा यह गांव अवैध शराब बनाने में चर्चित रहता है मौके पर बल्दीराय पुलिस ने 20 लीटर अवैध शराब बरामद किया तथा अवैध शराब बनाने में प्रयोग किए जाने वाले लगभग 45 कुंतल लहन को भी नष्ट कराया थाना इंचार्ज अमरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा की अवैधा शराब बनाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ब्रासिन गांव में अवैध शराब बनाने वालों को चिन्हित किया गया है गिरफ्तारी करने के पश्चात सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी और आगे भी छापेमारी का सिलसिला चलता रहेगा।

# सोनभद्र के रास्ते पूर्वांचल में मानसून ने दी दस्तक : झमाझम बारिश से सुहाना हुआ मौसम

सोनभद्र ब्यूरो : कई दिनों के इंतजार के बाद गुरुवार को मानसून ने पूर्वांचल में दस्तक दे दी है। सोनभद्र के रॉबर्ट्सगंज सहित आसपास के इलाकों में दोपहर करीब एक घंटे तक तेज बारिश हुई। भीषण गर्मी और उमस से परेशान लोगों को बारिश ने बड़ी राहत पहुंचाई है। खरीफ की खेती के लिए भी बारिश काफी लाभदायक मानी जा रही है। अब जल्द ही मानसून के पूरे पूर्वांचल में सक्रिय होने के आसार हैं। दक्षिण तट से चलकर मानसून पूर्वांचल में सोनभद्र के रास्ते ही प्रवेश करता है। इसकी संभावित तिथि 20 जून मानी जाती है। पिछले 3–4 दिनों से मौसम के रुख में बदलाव आया था। बादलों के उमड़–घुमड़ के बीच अलग–अलग क्षेत्रों में बूंदाबांदी भी हो रही थी। बुधवार को मध्य प्रदेश की सीमा से लगे अनपरा–शक्तिनगर के कुछ इलाकों में बारिश भी हुई थी। करीब एक घंटे तक झमाझम बारिश जिले में गुरुवार सुबह से ही मौसम बदलने लगा था। आसमान में बादलों के साथ वातावरण में उमस के कारण लोग बारिश का अनुमान लगा रहे थे। दोपहर बाद अचानक ठंडी हवा के झोंको के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। दोपहर करीब एक बजे से शुरू हुई बारिश करीब एक घंटे तक जारी रही। बच्चों ने बारिश का लुत्फ उठाया तो गर्मी से भी राहत मिली। तापमान करीब तीन डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। सोनभद्रः 27 माह में प्राकृतिक आपदा से 440 ने गंवाई जान सोनभद्र जिले में हर साल प्राकृतिक आपदा से सौ से अधिक लोगों की मौत होती है। पिछले 27 माह में प्राकृतिक आपदा से 440 जनहानि हुई है। प्राकृतिक आपदा राहत कोष से मृत प्रत्येक व्यक्ति के आश्रितों को चार लाख रुपये मुआवजा देने का प्रावधान है। इस बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए प्रशासन ने सभी लेखपालों समेत अन्य कर्मियों को निर्देश दिया है। सोनभद्र जिले में बारिश के दौरान तड़क–गरज के साथ बिजली का गिरना आम बात है। सर्पदंश की घटनाएं भी खूब होती हैं। अत्यधिक बारिश होने पर सोन, बकहर, बेलन कर्मनाशा समेत अन्य नदी, नाले उफान पर हो जाते हैं। जलाशयों का जलस्तर भी बढ़ जाता है। पहाड़ी और जंगली इलाकों में वर्तमान परिवेश भी सभी बस्तियों में आने–जाने के लिए रास्ता न बनने के कारण मजबूरी में बारिश के दिनों में कुछ रहवासी पगडंडी पर भरे पानी में से ही गुजरते है। इस दौरान बाढ़ की चपेट में लोग डूबकर काल की गाल में भी समा जाते हैं। हर साल सबसे अधिक बिजली और सर्पदंश से लोगों की मौतें होती है। इसके बाद डूबने समेत अन्य दैवीय आपदाओं से भी लोगों की जान चली जाती है। इसको देखते हुए सरकार ने प्राकृतिक आपदा से प्रभावितों को मुआवजा देती है। आपदा सलाहकार पवन शुक्ला की मानें तो वर्ष 2020–21 में आपदा से करीब 175 जनहानि हुई थी। वर्ष 2021–22 में लगभग 230 और वर्ष 2022–23 में अब तक करीब 35 जनहानि हुई है। कहा कि मार्च वर्ष 22 तक आपदा से हुई जनहानि के प्रभावित लोगों के खाते में मुआवजा की धनराशि भेजी जा चुकी है। कहा कि तहसील स्तर से रिपोर्ट प्राप्त होने पर शेष लोगों को भी चली जाएगी।

# शासन की नीति व सरकार की मंशा के विपरीत किये गये स्थानांतरण पर होगा आंदोलन –अतुल मिश्रा

लखनऊ ब्यूरो : आज दिनांक 23 जून 2022 को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष सुरेश रावत एवं महामंत्री अतुल मिश्रा के नेतृत्व में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं के महानिदेशक से भेंट की एवं महानिदेशालय द्वारा मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश द्वारा जारी की गई स्थानांतरण नीति के विपरीत जाकर किए जा रहे स्थानांतरण की मंशा पर अपना रोष व्यक्त किया । प्रदेश महामंत्री अतुल मिश्रा ने महानिदेशक को अवगत कराया कि शासन की स्थानांतरण नीति में समूह ग एवं घ के लिए नीतिगत स्थानांतरण की कोई व्यवस्था नहीं है। समूह ग के लिए मात्र पटल परिवर्तन /क्षेत्र परिवर्तन की नीति शासन द्वारा बनाई गई है उसके विपरीत जाकर महानिदेशालय द्वारा समूह ग के कर्मचारियों की व्यापक स्थानांतरण की नीति लाई जा रही है जो पूर्ण रूप से गलत है व उसमें भ्रष्टाचार की बू आ रही है ।शासन द्वारा जारी स्थानांतरण नीति में समूह क एवं ख के लिए 3 वर्ष जनपद एवं 7 वर्ष मंडल में कार्यरत कर्मचारियों /अधिकारियों के स्थानांतरण की व्यवस्था दी गई है वही समूह ग के लिए मात्र पटल परिवर्तन की व्यवस्था दी गई है। समूह ग एवं घ के लिए स्वयं के अनुरोध एवं प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरण की व्यवस्था शासन द्वारा जारी स्थानांतरण नीति में दी गई है। उन्होंने महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉक्टर वेदव्रत को वार्ता के दौरान कहा कि यदि शासन की नीति के विपरीत जाकर समूह ग के कर्मचारियों का नीतिगत स्थानांतरण किया जाएगा तो राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद आंदोलन के लिए बाध्य होगी ।महानिदेशक ने आश्वासन दिया कि शासन की नीति के विपरीत किसी भी कर्मचारी का स्थानांतरण नहीं किया जाएगा परिषद के महामंत्री अतुल मिश्र ने कहा कि स्थानांतरण नीति में स्पष्ट व्यवस्था है कि मान्यता प्राप्त संगठनों के अध्यक्ष एवं सचिव , दिव्यांग ,2 वर्ष से कम सेवानिवृत्ति, गंभीर बीमारी के कार्मिकों को स्थानांतरण नीति में छूट प्रदान की जाएगी ।महानिदेशक द्वारा परिषद के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि संगठन के पदाधिकारियों एवं विकलांग ,दांपत्य नीति ,2 वर्ष से कम सेवानिवृत्ति ,गंभीर बीमारी के कार्मिकों को शासन की नीति के अनुरूप लाभ दिया जाएगा ।वार्ता में डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के महामंत्री उमेश मिश्रा ,लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन के सचिव कमल श्रीवास्तव ,एक्स–रे टेक्नीशियन एसोसिएशन के अध्यक्ष राम मनोहर कुशवाहा ,ऑप्टोमेट्रिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जी एम सिंह ,डेंटल हाइजीनिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष डी डी त्रिपाठी व महासचिव राजीव तिवारी , फिजीओथेरपी एसो के महामंत्री अनिल कुमार सहित विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के सफल आयोजन हेतु बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के सफल आयोजन हेतु अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने 01 से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 16 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाने का निर्देश दिया । बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान को पूरी गंभीरता से आयोजित किया जाए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० लक्ष्मी सिंह को निर्देशित किया कि आगामी जुलाई माह में विशेष मनाये जाने वाले संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की कार्ययोजना समय से तैयार कर ली जाए तथा स्वास्थ्य स्टाफ को अभियान से पूर्व प्रशिक्षित कर लिया जाए। उन्होंने अधिकारियो को निर्देशित किया कि समय से माइक्रोप्लान तैयार करवा कर नोडल विभाग (स्वास्थ्य विभाग) को समय से उपलब्ध कराये। जिलाधिकारी द्वारा पंचायतीराज विभाग को निर्देशित किया गया कि झाड़ी कटान, हैंडपंप रिपेयर, हैंडपंप प्लेटफार्म रिपेयर, एंटिलार्वा/फॉगिंग कार्यवाही ग्रामीण क्षेत्रो में नालियो की सफाई का कार्य प्रमुखता से और प्रभावी ढंग से कराया जाए। इसमे ग्राम प्रधानों का सहयोग लिया जाए। इसी प्रकार अन्य सहयोगी विभागों तथा नगर विकास विभाग द्वारा वार्डों में फागिंग, लार्वा साइडल छिड़काव व कूड़ा उठान, नाला नालियों की सफाई कराई जाएगी। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगों से संबंधित समस्त योजनाओं का प्रचार प्रसार, कृषि एवं सिंचाई विभाग द्वारा



जमे हुए पानी में मच्छरों के प्रजनन को रोकना तथा सिंचाई के वैकल्पिक उपायों पर अपनी तकनीकी सलाह देना मच्छर रोधी पौधों का उगाया जाना, नेहरो तथा तालाबों के किनारे उगी वनस्पतियों को प्रत्येक पखवाड़े से हटाना, खेतों में मच्छरों के प्रजनन को रोकने पशुपालन विभाग द्वारा सूअर पालकों/कम करने हेतु नई तकनीकों के प्रयोग मदद उपलब्ध कराने को कहा। महिला एवं बाल विकास द्वारा अति कुपोषित बच्चों को पोषण पुर्नवास केंद्र पर संदर्भित करना, जिला उद्यान विभाग द्वारा मच्छर विकर्षी पौधों का रोपण से सम्बंधित कार्य प्रभावी ढंग से कराए जाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि फील्ड में जाकर स्वयं कार्य की गुणवत्ता, धरातलीय हकीकत को देखेंगे और शत–प्रतिशत कार्य करवाना सुनिश्चित करेंगे। इस कार्य मे किसी प्रकार की लापरवाही पाये जाने पर संबंधित अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए उसके खिलाफ कार्यवाही भी की जाएगी। बैठक में उपस्थित नगरपालिका/नगर पंचायत के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शहरी क्षेत्रों में सभी नाले नालियो की सफाई सुनिश्चित करवा ली जाए कही भी जल भराव की स्थिति नही पैदा होनी चाहिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी भू० एवं राजस्व रजनीश राय, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका तथा अन्य सहयोगी विभागो के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## थाना मछलीशहर पुलिस द्वारा चोरी के सामान के साथ दो अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, पुलिस अधीक्षक जौनपुर, महोदय द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये गये सघन अभियान के क्रम मे श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के कुशल निर्देशन तथा श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय मछलीशहर के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मछलीशहर श्री देवानन्द रजक, उ0नि0 सैय्यद हसन जाफर रिजवी द्वारा हमराही कर्मचारीगण के साथ दिनांक 2/3.06.2022 की रात्रि ग्राम कटाहितखास जौनपुर में श्री हरिपाल पुत्र रूरी के घर में अज्ञात चोर द्वारा ताला तोड़कर चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 142/2022 धारा 457/380 IPC बनाम अज्ञात पंजीकृत हुआ । उक्त घटना में चोरी गयी माल के साथ दो नफर अभियुक्तगण 1. वेद प्रकाश गौतम उर्फ राज गौतम पुत्र रामहित गौतम निवासी बिकापुर सोवहिता थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर 2. सुनील कुमार गौतम पुत्र श्रीपति गौतम निवासी गनेशपुर थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर की गिरफ्तारी आज दिनांक 22.06.2022 समय 04.20 बजे भोर में ग्राम कटाहितखास बरसाती नहर से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण को बाद आवश्यक कार्यवाही मा0 न्याया0 के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है– नाम पता अभियुक्तगण– 1. वेद प्रकाश गौतम उर्फ राज गौतम पुत्र रामहित गौतम निवासी बिकापुर



सोवहिता थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर। 2. सुनील कुमार गौतम पुत्र श्रीपति गौतम निवासी गनेशपुर थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1. दो संदूक लोहे की 2. दो जोड़ा पायल सफेद धातु 3. एक कमरबन्द सफेद धातु 4. तीन जोडी बिछिया सफेद धातु 5. दो अंगूठी पीली धातु 6. टप्स एक पीली धातु 7. मांग टीका पीली धातु 8. मार्कशीट 9. प्रमाणपत्र 9. निर्वाचन कार्ड 10. बैंक पासबुक 11. आधारकार्ड 12. ए.टी.एम। विवरण मुकदमा– 1. मु0अ0सं0 142/22 धारा 457, 380, 411 IPC थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1. प्र0नि0 श्री देवानन्द रजक, थाना मछलीशहर जौनपुर। 2. उ0न0 श्री सैय्यद हसन जाफर रिजवी, थाना मछलीशहर जौनपुर। 3. कां0 गौतम यादव, थाना मछलीशहर जौनपुर। 4. कां0 अंशुमान यादव, थाना मछलीशहर जौनपुर। 5. कां0 गोविन्द खरवार, थाना मछलीशहर जौनपुर।

## साइबर अपराधो विशेष कर महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ रिपोटिंग हेतु निर्भया फाण्ड के तहत राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोटिंग पोर्टल शुरु

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने अवगत कराया है कि संयुक्त सचिव महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के क्रम में साइबर अपराध से समन्वित एवं व्यापाक तरीके से निपटने के लिए एक प्रभावी तंत्र प्रदान करने हेतु भारत सरकार ने भारतीय साइबर अपराध समन्वयक केन्द्र (14 सी) योजना लागू की गयी है। इस पहल के तहत सभी प्रकार के साइबर अपराधो विशेष कर महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ साइबर अपराधों की रिपोटिंग के लिए निर्भया फाण्ड के तहत राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोटिंग पोर्टल www.cybercrime.gov.in शुरू किया गया है पोर्टल में रिपोर्ट की गयी घटनाओं को सम्बन्धित राज्य क्षेत्र को स्वचलित रूप से ऑन लाइन अग्रेसित कर दिया जाता है। इसके अलावा ऑन लाइन वित्तीय धोखाधडी की त्वरित रिपोटिंग के लिए नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधडी ऑन लाइन रिपोटिंग और प्रबंधक प्रणाली (सीएफसीएफआरएमएस) का संचालन किया गया है। इस प्रणाली में शिकायत दर्ज करने के लिए एक राष्ट्रीय टोल फ्री नं0 1930 को चालू किया गया है। विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के प्रति होने वाले अपराधा पर अंकुश लगाने हेतु विभिन्न हित धारको से अधिकतम सहयोग की अपेक्षा की गयी है, जिस हेतु साइबर अपराध को रोकने और उसका मुकाबला करने के लिए सरकार की पहल के बारे में अपने अधिनस्थों को जागरूक/प्रशिक्षित करने का निर्देश है। उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका, नगर पंचायत से अपेक्षा की है कि उक्त भारत सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों से अपने अधीनस्थों को जागरूक/प्रशिक्षित करते हुए जनमानस में जनजागरुकता फैलाने एवं जनपद के सभी स्कूल, कालेजों, नगर पालिका/नगर पंचायत/ग्राम पंचातय भवनो पर उक्त का प्रदर्शन/वॉल लेखन कराते हुए कृत कार्यवाही को जिला प्रोबेशन अधिकारी, जौनपुर को 15 दिवस में अवगत कराये।

## मनरेगा स्मार्ट कार्ड बनवाने के पात्र दिव्यांगजनो को चयन हेतु विकास खण्डवार विशेष शिविर का किया जायेगा आयोजन : मुख्य विकास अधिकारी

जौनपुर सू.वि. : मुख्य विकास अधिकारी सीलम साईं तेजा ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में दिव्यांगजनों को उनकी क्षमता के आधार पर हर ग्राम सभा में मनरेगा योजनान्तर्गत कार्य उपलब्ध कराया गया है। मनरेगा योजनान्तर्गत दिव्यांगजनों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु एवं यू0डी0आई0डी0 कार्ड (स्मार्ट कार्ड) बनवाने हेतु पात्र दिव्यांगजनो के चयन हेतु विकास खण्डवार विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा, जिसमें विकास खण्ड धर्मापुर में 28 जून को, सुईथाकला 29 जून, शाहगंज में 30 जून, खुटहन 01 जुलाई, महराजगंज 02 जुलाई, बदलापुर 05 जुलाई, मुंगराबादशाहपुर में 06 जुलाई एवं विकास खण्ड डोभी में 07 जुलाई 2022 को शिविर का आयोजन किया जायेगा। उपर्युक्त चिन्हांकन शिविर में दिव्यांगजनों को मनरेगा में रोजगार दिलाये जाने हेतु रजिस्ट्रेशन किया जायेगा। रजिस्ट्रेशन हेतु दिव्यांग प्रमाण–पत्र, एक फोटो, आधार कार्ड, बैंक पासबुक (जिसमें ब्रान्च का नाम एवं आई0एफ0एस0सी0 कोड अंकित हो) लाना आवश्यक है।

## पति के मृत्यु की शोक में पत्नी ने की आत्महत्या

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बरसठी थाना क्षेत्र के गनेशपुर गांव के पास रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटकर महिला आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुँची बरसठी पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। महिला के पति की मौत सड़क दुर्घटना में बीते रविवार को हो गया था। प्राप्तजानकारी के अनुसार पति जगत प्रसाद गिरी उम्र 50 वर्ष की रविवार को सड़क हादसे में मौत हो गई थी जिसके सदमे में आयी महिला ने गुरुवार की भोर में गनेशपुर गांव के पास रेलवे लाईन पर ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली।

## वाराणसी में 200 फीट गहरे बोरवेल में गिरने से किशोर की मौत

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के पिंडरा क्षेत्र के बिंदा गांव में जल निगम की ओर से खोदे गए 200 फीट गहरे बोरवेल में गिरने से बुधवार शाम अनिकेत यादव (13) की मौत हो गई। वह अपने दोस्तों के साथ खेलते हुए बोरवेल के पास पहुंचा था। 70 फीट नीचे पानी में अटके अनिकेत को उसके चचेरे भाई धर्मेंद्र ने रस्सी और हुक के सहारे बाहर निकाला। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फूलपुर थाना अंतर्गत बिंदा गांव में हर घर नल योजना के तहत जल निगम की ओर से नलकूप लगाने के लिए बोरिंग की जा रही है। हफ्ते भर पूर्व बोरिंग की गई और पानी न मिलने पर ठेकेदार उसे बिना पाटे चला गया। जल निगम के ठेकेदार के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा शाम लगभग पांच बजे राधेश्याम का बेटा अनिकेत दोस्तों के साथ बोरवेल के पास पहुंचा और अचानक उसमें गिर गया। दोस्तों ने शोर मचाया तो आसपास के लोग जुट गए। चचेरे भाई को बचाने के लिए धमेंद्र यादव बोरवेल में लगभग 30 फीट नीचे रस्सी के सहारे उतर गया लेकिन जब उसकी सांस फूलने लगी तो वह फिर बाहर आ गया। इसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से रस्सी और हुक के जरिये 70 फीट नीचे पानी में अटके अनिकेत को निकालने का प्रयास करने लगा। इसी बीच हुक अनिकेत की शर्ट में फंस गया और सभी ने मिलकर उसे बाहर निकाला। फूलपुर थाना प्रभारी जगदीश कुशवाहा के अनुसार जल निगम के ठेकेदार के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। अंतिम सांस तक लड़ा अनिकेत हर घर नल योजना के लिए खोदे गए बोरवेल के गड्ढे में गिरने के बाद अनिकेत अंतिम सांस तक लड़ता रहा। अंदर से आ रही आवाज को सुनकर बेचौन हो रहा चचेरा भाई धर्मेंद्र खुद को नहीं रोक पाया और रस्सी के सहारे अपनी जान जोखिम में डालकर बोरवेल में उतर गया। हालांकि अंदर आक्सीजन की कमी होने पर वह ज्यादातर देर तक नहीं टिक पाया और फिर बाहर निकल गया। इसके बाद ग्रामीणों ने कुएं में डाली जाने वाली कटिया को रस्सी के सहारे गड्ढे में डाला। कटिया अनिकेत के कपड़ों में फंसने के बाद उसे खींच कर बाहर निकाला गया। जिंदगी से जंग लड़ रहे अनिकेत की सांसे अस्पताल पहुंचते–पहुंचते थम गईं। बेटे के शव से लिपटकर मां ऊषा देवी और बहनें बिलख रही थी। तीन बहनों और तीन भाइयों में अनिकेत चौथे पर नंबर पर था। मां के अनुसार शाम के समय घर से खेलते हुए निकला था, क्या पता था कि बेटा आखिरी बार घर से जा रहा था। परिजनों के करुण क्रंदन से मौजूद हर किसी की आंखें डबडबा जा रही थीं। अस्पताल में नहीं थे चिकित्सक, ग्रामीणों ने किया हंगामा बोरवेल में गिरे अनिकेत को अचेतावस्था में लेकर परिजन जब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे तो वहां चिकित्सक ही नहीं थे। इसे लेकर परिजनों और ग्रामीणों ने हंगामा शुरू किया। किशोर को अस्पताल के बाहर चबुतरे पर लिटाकर उसके पेट से पानी निकालते रहे। हंगामे के आधे घंटे के बाद चिकित्सक पहुंचे और किशोर को देखते ही मृत घोषित कर दिया। चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव ने बताया कि 30 मिनट बाद एक चिकित्सक आए और देखने के बाद कहा कि दम तोड़ चुका है। हालांकि प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष सिंह ने आरोप को बेबुनियाद बताया। उधर, परिजन थाने की पुलिस पर भी नाराजगी जाहिर की। अनहोनी को लेकर आशंकित रहते थे ग्रामीण जिस बोरवेल में अनिकेत की गिरने से मौत हुई, उसके कुछ दूरी पर भी बोरिंग हुई थी और पानी नहीं निकलने पर ठेकेदार बिना पाटे छोड़ दिया था, जिसे ग्रामीणों ने पाटा था। तभी से ही ग्रामीण किसी अनहोनी को लेकर आशंकित रहते थे। ग्रामीणों के अनुसार एक माह से चल रही बोरिंग के कार्य में हद दर्जे की लापरवाहियां बरती गईं। जल निगम के अधिकारियों ने कभी गांव में भ्रमण करके कार्यों का निरीक्षण तक नहीं किया। हादसे के बाद जिलाधिकारी ने बैठाई जांच जल जीवन मिशन योजना के तहत पिंडरा के बिंदा गांव में खोदे गए बोरवेल के लिए गड्ढे में गिरकर हुई मौत के मामले में जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों व ठेकेदार की लापरवाही पर एसडीएम पिंडरा को जांच के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही जिले भर में 250 से ज्यादा गांवों में बोरवेल के लिए की जा रही खुदाई के दौरान सुरक्षा मानकों के पालन पर भी विभागीय अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है। जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने बताया कि बोरवेल खोदाई लिए तय सुरक्षा मानक के लिए शासन स्तर से गाइड लाइन जारी है। समय समय पर सुरक्षा मानकों के लिए निर्देश भी दिए जाते हैं। बिंदा गांव में बोरवेल खुदाई वाली जगह पर सुरक्षा मानक अपनाए गए या नहीं, इसकी जांच का आदेश दिया गया है। एसडीएम से पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। इसमें प्रथम दृष्टया विभागीय अधिकारियों व ठेकेदार की लापरवाही सामने आ रही है। एसडीएम की रिपोर्ट के बाद जिम्मेदारी तय करके सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन की गाइड लाइन के अनुसार मुआवजे की भी कार्रवाई कराई जाएगी।

## शुकदेव प्रसाद से मिलने...



(युवा लेखिका शुचि मिश्रा जौनपुर)

इलाहाबाद का विज्ञान यानी शुकदेव प्रसाद
छोटा बघाड़ा में स्थित मकान
वृक्षों से घिरा ज्यों अमराई के बीच प्रासाद
मेरे मन में जब तब गहराता एक गहरा अवसाद
कि इलाहाबाद से जौनपुर की दूरी
मात्र सौ किलोमीटर दो घंटे का सफर
जो उनके रहते पूरा न हुआ,
टूट न सका उनकी ठसक का वलय
रह गई मिलने की आस अधूरी
शुकदेव प्रसाद से मिलना यानि सवा सौ किताबों से गुजरना
माला भी एक सौ आठ में पूरी हो जाती
कितने मोती थे उनके हाथ में, मुट्ठी में
एक–एक कर देते गए पाठकों को लिखा सिलसिलेवार विज्ञान का इतिहास
प्राचीन, मध्य और आधुनिक काल की विज्ञान यात्रा
त्रुटिविहीन ऐसी इबारतें सजग रहते अल्पविराम–पूर्णविराम–मात्रा
जगाए और जिलाए रखते भीतर स्वाभिमान की लौ
जो बन जाती यदा–कदा चिंगारी समकालीनों को लेते आड़े हाथ
बजता डंका हिंदी विज्ञान लेखन जगत में
करते संवाद : बतियाते फोन पर घंटों
अपने समकालीन और युवतम लेखकों से
उन्हें लताड़ते कभी ये देते सीख, इलाहाबाद का इलाका छोटा बघाड़ा
वृक्ष से गिरा एक मकान जिसे घर बनाने की कोशिश में लगे रहे ताउम्र
जानते थे बखूबी कि घर बनता है परिवार से और परिवार ?
सारा संसार था आपका वृक्षों से घिरे इस मकान में एक कमरा
जिसमें घना हुआ किताबों का जंगल,बस उसी से घिरे रहते शुकदेव प्रसाद
इस जंगल में पहुंचना था मुझे हिंदी के अप्रतिम विज्ञान लेखक से मिलने
अपने शहर जौनपुर को पार कर, जौनपुर से इलाहाबाद की दूरी
मात्र सौ किलोमीटर, दो घंटे का सफर जो पूरा न हो सका उनके रहते
मुझे पहुंचना है शुकदेव प्रसाद से मिलने
सशरीर विदा हुए वे तेईस मई को
शुकदेव प्रसाद अब एक इतिहास है, एक विचार है
अब पहुंचना है उन तक जहां पहुंचे वे तूर पर
मुझे पहुंचना है उनकी सवा सौ कृतियों से गुजर कर।

## थाना शाहगंज पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त सुधांशु उर्फ लकी दूबे पुत्र राकेश दूबे को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज व प्रभारी निरीक्षक शाहगंज के कुशल पर्यवेक्षण दिनांक 21/06/2022 को थाना स्थानीय उ0नि0 श्री विजय सिंह गौड़ एवं हमराही कर्मचारी द्वारा मुखबीर की सूचना पर एक अभियुक्त सुधांशु उर्फ लकी दूबे पुत्र राकेश दूबे निवासी बहरा कोठी थाना अहरौला जनपद आजमगढ हाल पता ग्राम नटौली थाना शाहगंज जनपद जौनपुर को अवैध तमन्चे व कारतूस के साथ मलमल पुलिया आजमगढ रोड से गिरफ्तार कर बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मु0अ0सं0 166/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना शाहगंज जनपद जौनपुर पंजीकृत कर गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया अभियुक्त की गिरफ्तारी से इस प्रकार के अपराध पर अंकुश लगेगा । गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम पताः– सुधांशु उर्फ लकी दूबे पुत्र राकेश दूबे निवासी बहरा कोठी थाना अहरौला जनपद आजमगढ हाल पता ग्राम नटौली थाना शाहगंज जनपद जौनपुर । बरामदगी का विवरण– एक अवैध



तमन्चा .315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः– मु0अ0सं0 166/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना शाहगंज जनपद जौनपुर गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीमः– 1.उ0नि0 श्री विजय सिंह गौड़ थाना शाहगंज जनपद जौनपुर, 2. हे0का0 असगर खान थाना शाहगंज जनपद जौनपुर।

## अग्निपथ योजना के विरोध में सरकारी संपत्ति तोड़फोड़ व आगजनी से हुए नुकसान के वसूली की प्रक्रिया हुई प्रारम्भ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिनांक 18.06.2022 को थाना सिकरारा अंतर्गत लाला बाजार में सेना में भर्ती की नई योजना ''अग्निपथ'' के विरोध में उपद्रवियों द्वारा उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के सरकारी बस व उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के सरकारी वाहन में तोड़फोड़ व आगनजी करके करके सरकारी संपत्ति को छति पहुंचाई गई थी घटना के सम्बन्ध में थाना सिकरारा पर 06 अभियोग बनाम 79 नामजद व 250 अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध पंजीकृत कर घटना में संलिप्त 32 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था व शेष नामजद व अज्ञात अभियुक्तों के गिरफ्तारी हेतु छठॅ वारंट जारी कराया जा रहा है। इसी तरह थाना बदलापुर में भी ''अग्निपथ'' योजना के विरोध में उपद्रवियों द्वारा सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाई गई थी जिसमें 3 अभियोग बनाम 36 नामजद व 150 अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध पंजीकृत कर घटना में शामिल 14 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। नामजद व अज्ञात अभियुक्तों के गिरफ्तारी हेतु NBW वारंट जारी कराया जा रहा है। अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाएगी। इन दोनों घटनाओं में परिवहन निगम की बस व पुलिस की गाड़ियों के साथ हुई तोड़फोड़ व आगजनी कर कर क्षति पहुंचाई गई थी। जिसकी कीमत का आकलन कराया गया, अनुमानित कीमत लगभग 40 लाख आंकलित हुई है। अभी कुल मिलाकर 40 लाख रुपये के वसूली की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। उपरोक्त दोनों घटनाओं में जिसके नाम प्रकाश में आ रहे हैं उनके खिलाफ छठॅ वारंट जारी कराया जा रहा है।

## आरोपी को विभिन्न धाराओं में कुल मिलाकर 16 वर्ष कठोर कारावास व 11,500 रूपये के जुर्माने से किया गया दण्डित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिनांक 05.07.13 को अभियुक्त भारत सिंह उर्फ रामभरत उर्फ भरथू सिंह पुत्र रामसूरत सिंह नि0 ऊँचवाडीह थाना खुटहन जनपद जौनपुर द्वारा पीड़ित के साथ किये गये अपराध के सम्बन्ध में वादिनी मुकदमा श्रृंगारी देवी पत्नी विश्राम नि0 ऊँचवाडीह थाना खुटहन जनपद जौनपुर की लिखित तहरीर पर थाना खुटहन में दिनांक11.07.2013 को मु0अ0सं0 284/13 धारा 377,506 भा0द0वि0 व 4 पाक्सो एक्ट पंजीकृत हुआ। अभियोग की विवेचना तत्परता से गुणवत्ता कायम रखते हुए पूर्ण की गयी तथा आरोपी के विरूद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित किया गया। श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद जौनपुर द्वारा महिलाओं/बालकों के विरूद्ध हो रहे अपराधों पर कठोरता से नियंत्रण लगाने एवं अभियुक्तों को अधिकाधिक दण्डित कराने हेतु उपर्युक्त अभियोग को चिन्हित कर प्रभावी कार्यवाही एवं सम्यक पैरवी हेतु निर्देशित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के कुशल नेतृत्व में मानिटरिंग सेल द्वारा सम्यक पैरवी एवं प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरुप दिनांक 23.06.22 को माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट(अनन्य) जौनपुर द्वारा आरोपी उपरोक्त को धारा 4पाक्सो एक्ट में 7 वर्ष के कठोर कारावास व 5,000– रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया, अर्थदण्ड अदा न करने पर उसे 03 माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। भा0दं0सं0 की धारा 377 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध में 7 वर्ष के कठोर कारावास व 5,000– रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया, अर्थदण्ड अदा न करने पर उसे 03 माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। भा0दं0सं0 की धारा 506 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध में 2 वर्ष के कठोर कारावास व 1,500– रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया, अर्थदण्ड अदा न करने पर उसे 01 माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। सभी सजाये साथ–साथ चलेंगी। पूर्व में जेल में बितायी गई अवधि इस सजा की अवधि में समायोजित की जायेगी।

## नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी मडियाहूँ जौनपुर डाँ0 अविनाश सिंह द्वारा यू0पी0 बोर्ड हाईस्कूल जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त छात्रा को किया गया सम्मानित

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : जौनपुर जिले के विकास क्षेत्र मड़ियाहूं के नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ अविनाश सिंह द्वारा यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा में जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा अंजली सिंह पटेल को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया । अंजली सिंह पटेल ने हाई स्कूल की परीक्षा में 95.17% अंक पाकर अपनी माता निशा पटेल वह पिता धर्मेंद्र सिंह पटेल तथा पूरे जिले का नाम रोशन किया है। अंजली सिंह पटेल की माता निशा पटेल प्राथमिक विद्यालय किशुनपुर विकास क्षेत्र मड़ियाहूं मे शिक्षामित्र के पद पर कार्यरत है। खण्ड शिक्षा अधिकारी महोदय ने सभी छात्रों को लगन के साथ पढ़ाई करके अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण होकर अपने परिवार का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। इसके उपरांत किशुनपुर न्याय पंचायत के सभी अध्यापकों ने नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी को पुष्पमाला पहनाकर स्वागत व सम्मानित किया इस अवसर पर अच्छे लाल यादव, प्रेम शंकर पटेल, मनोज



कुमार पाठक ,रामयश, अखिलेश यादव, संतोष यादव ,सिराज अहमद ,सतीश चंद्र ,विपिन सिंह, कन्हैयालाल सिंह, श्रीमती मालती देवी, दीपिका सिंह, अर्चना देवी, निशा पटेल,एआरपी वंश गोपाल व कैलाशनाथ यादव, एनपीआरसी वेद प्रकाश तथा अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## एमपी–एमएलए सेशन कोर्ट ने पूर्व विधायक व उनके भाई एवं जिला पंचायत अध्यक्ष पति शिवकुमार सिंह की ठुकराई सुलह अर्जी

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : स्पेशल जज एमपी –एमएलए की अदालत में चल रहे एससी–एसटी समेत अन्य धाराओं से जुड़े मुकदमे में पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू व उनके भाई यशभद्र सिंह मोनू एवं दूसरे पक्ष से ब्लाक प्रमुख शिव कुमार सिंह समेत अन्य अभियुक्तों ने संधि–पत्र पेश कर सुलहनामा के आधार पर मुकदमे का निस्तारण करने के लिए की मांग। स्पेशल जज पीके जयंत ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा–320 के अंतर्गत प्रकरण एससी–एसटी एक्ट से जुड़ा होने के चलते समनीय अपराध न होने की वजह से अदालत ने कहा लंच बाद प्रस्तुत करें अपनी–अपनी बहस। दोनों पक्षों की मंशा पर फिरा पानी,दोनो पक्ष करने जुटे बहस की तैयारी। पांच फरवरी 2016 की घटना बताते हुए उभय पक्षो ने एक–दूसरे के खिलाफ दर्ज कराया है मुकदमा।

## जनता की शिकायत न सुनने पर थाना तारुन प्रभारी व एस आई को एसएसपी ने दिखाया पुलिस लाइन का रास्ता

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय की पैनी निगाहे इस समय अपने विभाग में तैनात उन कर्मियो पर जो जनता की समस्याओं का निराकरण करने में हीलाहवाली कर रहे हैं।वही दूसरी ओर जिले में जिनके क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं में बढोघ्तरी हुई है।उसी सब को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने बुधवार को जहाँ एक ओर कई सीओ व निरीक्षक के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया था वही आज उसी कड़ी में फिर उन्होने गुरुवार को जिले के तारुन थाने के एसओ दयाशंकर व सब इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार को जनता द्वारा लगातार शिकायत मिलने के बाद उनको पुलिस लाइन का रास्ता दिखा दिया।वही रतन कुमार शर्मा को एसओ कैंट व आशीष कुमार राय को एसओ थाना तारुन का प्रभार सौपा।जबकि मोहम्मद अरशद को प्रभारी स्वाट टीम व अभिमन्यु शुक्ला को प्रभारी सर्विलांस बनाया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि जिले में किसी भी तरह की



लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।सभी पुलिस कर्मियो को शासन के मंशानुरुप कार्य करना होगा।जनता की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण शीघ्र से शीघ्र करना होगा नहीं तो गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहे।

## एसएसपी ने इनायत नगर प्रभारी निरीक्षक को फटकार लगाकर हैरिंगटनगंज चौकी पुलिस के अस्तित्व पर लगाया सवालिया निशान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के इनायत नगर थाना क्षेत्र के हैरिंगटनगंज चौकी क्षेत्र अंतर्गत रेवना गांव में दबंग द्वारा महिला को बर्बरता पूर्वक पीटे जाने के बाद इनायत नगर थाने में दर्ज हत्या के प्रयास के मुकदमे के आरोप में आरोपियों की गिरफ्तारी चौकी पुलिस द्वारा न किए जाने का मामला एसएसपी के दरबार जा पहुंचा है। जहां हैरिंग्टनगंज चौकी पुलिस की कार्यशैली से नाराज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पांडे ने इनायत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक को जमकर फटकार लगाते हुए अभियुक्तों की तत्काल गिरफ्तारी के आदेश दे दिए हैं।सूत्रों के मुताबिक उन्होंने हैरिंगटनगंज चौकी पुलिस कर्मियों की कारस्तानी से नाराज होकर इनायत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक से हैरिंग्टनगंज चौकी पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा दिया है।बताते चलें कि इनायत नगर थाना क्षेत्र के हैरिंगटनगंज चौकी क्षेत्र अंतर्गत रेवना गांव निवासी संजय सिंह के घर पर उनके पाटीदारों ने बीते 14 जून को प्रातः 8 बजे पुरानी रंजिश को लेकर धावा बोल दिया था। हमलावरों ने उनकी पत्नी को लाठी–डंडों सहित धारदार हथियार से बर्बरता पूर्वक पिटाई करते हुए लहूलुहान कर दिया था।इस हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी जिन्हें आनन फानन में इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया था। हालत गंभीर देख अस्पताल के डॉक्टरों ने लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था। घायल महिला के पति संजय सिंह की तहरीर पर इनायत नगर पुलिस ने जानलेवा हमला सहित गंभीर आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मुकदमा दर्ज होने के बावजूद भी इनायत नगर पुलिस द्वारा आरोपियों पर मेहरबानी




दिखाए जाने के बाद पीड़ित वादी मुकदमा एसएसपी शैलेश पांडे के समझ पहुंचा और हैरिंग्टन गंज चौकी प्रभारी पर आरोप लगाते हुए बताया कि उसके द्वारा घटना के 3 दिन पहले चौकी पुलिस पुलिस को सूचना देने के बाद पुलिस उनके विरोधियों को थाने पर बैठा कर चाय पिलाती रही जिसका परिणाम रहा उनके हौसले बुलंद हो गए और उन्होंने उनकी पत्नी को पीट–पीट कर अधमरा कर दिया। पीड़ित ने स्थानीय चौकी पुलिस सहित इनायत नगर पुलिस से न्याय न मिलने की उम्मीद जताते हुए मुकदमे की विवेचना थाना पुलिस से कराए जाने की मांग की।शिकायत सुनते ही एसएसपी का पारा सातवें आसमान जा पहुंचा और उन्होंने प्रभारी निरीक्षक इनायतनगर अमरजीत सिंह को फोन कर जमकर फटकाार लगाई।एसएसपी ने कहा कि लगातार हैरिंगटन गंज चौकी पुलिस की शिकायत आ रही है। एसएसपी शैलेश पांडे ने आक्रोशित मुद्रा में घटना में शामिल आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किए जाने के निर्देश दिए और उन्होंने सख्त हिदायत दी कि यदि इस प्रकरण में दोबारा शिकायत मिली तब खैर नहीं होगी।

## हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक पाने वालों को समाजवादी पार्टी ने किया सम्मानित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक पाने वाले टॉपर्स को आज समाजवादी पार्टी ने सम्मानित किया। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने आज जिले की दोनों मेधावियों का सम्मान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने आज समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ इंटरमीडिएट की परीक्षा में सर्वोच्च अंक पाने वाली कनौसा कान्वेंट की छात्रा स्मृति उपाध्याय व हाई स्कूल की परीक्षा की कैनोसा कान्वेंट की ही टॉपर निष्ठा यादव से मिलकर उनका सम्मान किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री श्री तेज नारायण पांडे पवन ने दोनों ही टॉपर को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा से ही शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट भूमिका अदा करने वाले लोगों का सम्मान किया है ऐसे में इन दोनों छात्राओं ने जिन्होने पूरे प्रदेश में जिले का नाम रोशन किया है बधाई के पात्र हैं।उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने शिक्षा और शिक्षकों के लिए जो कार्य किए हैं वे अब मील का पत्थर साबित हो चुके हैं समाजवादी पार्टी ऐसे मेधावीयों को हमेशा आगे बढ़ाने के लिए तत्पर है। पार्टी प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि आज समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व मंत्री श्री तेज नारायण पांडे पवन ने जिले की दोनों मेधाावियों का सम्मान उनके आवास पर जाकर किया। इस मौके पर उन्होंने दोनों छात्राओं के परिवारजनों को बधाई देते हुए बालिकाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव महासचिव हामीद जाफर मीसम जिला उपाध्यक्ष व अयोध्या विधानसभा प्रभारी मनोज जायसवाल जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव संजीत सिंह शंकर जीत यादव जगन्नाथ यादव शिवांशु तिवारी करण यादव मुन्नू शाहबाद लकी प्रवीण राठौर सेंटी तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

## राम की पैड़ी पर पति को पीटने वालों पर मुकदमा दर्ज : वीडियो फुटेज की मदद से पुलिस आरोपियों की कर रही तलाश

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मंगलवार को अयोध्या में राम की पैड़ी में नहाते हुए पति ने पत्नी को किस कर लिया था।इससे नाराज लोगों ने पति को पीट दिया।पुलिस के मुताबिक पुलिस ने पिटाई करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।अब पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।इस मामले में पति और पत्नी ने पुलिस से संपर्क नहीं किया है।यह केस पुलिस की तरफ से दर्ज किया गया है।यह घटना मंगलवार की है।राम की पैड़ी पर मंगलवार को योग–डे पर योगाभ्यास हुआ।केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव भी कार्यक्रम में शामिल हुए थे।यह भी बताया जा रहा है कि मंत्री के जाने के दो घंटे बाद की यह घटना है।देर रात इससे जुड़े दो वीडियो भी सामने आ गए।इसमें नहाते समय पति अपनी पत्नी को किस करता दिख रहा है। दूसरे में उसकी पिटाई की जा रही है।इस संबंध में अयोध्या कोतवाली प्रभारी अश्विनी कुमार पांडे के मुताबिक आसपास के घर और दुकानदारों से जानकारी ली जा रही है।इस मामले की जांच नयाघाट चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार मिश्र को सौंपी गई है। वो घटना के बाद सबसे पहले पहुंचे थे।राम की पैड़ी पर अयोध्या समेत आस–पास के शहरों के 20 हजार से ज्यादा लोग हर रोज नहाने के लिए पहुंचते हैं। घाट के आस–पास दो कांस्टेबल की ड्यूटी भी लगाई जाती है।मंगलवार को 30 मिनट तक चले हंगामे के बावजूद ये दोनों कांस्टेबल नहीं पहुंचे थे। इसकी जांच भी शुरू हुई है।वही लोगों के मुताबिक सरयू नदी में नहाते हुए अश्लीलता का ये पहला मामला नहीं है।इससे पहले भी पुलिस से शिकायतें हो चुकी हैं।

## यूपी में 'का बा' गाने से चर्चा में आने वाली नेहा सिंह ने हिमांशू से शादी कर बनी जिला अम्बेडकर नगर की बहू

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सूत्र के मुताबिक कभी विधान सभा चुनाव 2022 के दौरान अपने गाने यूपी में का बा से उत्तर प्रदेश की व्यवस्था पर सवाल उठाने वाली नेहा सिंह राठौर अब यूपी में अयोध्या मंडल में जिला अम्बेडकर नगर की बहू बन गईं हैं।21 जून को नेहा सिंह राठौर की शादी अंबेडकरनगर निवासी हिंमाशू सिंह से हुई।सूत्रों के मुताबिक यह शादी लखनऊ नीलांश थीम पार्क में की गई।परंतु इस शादी में इसमें मीडिया और नेताओं को दूर रखा गया था।मालूम हो कि नेहा दरअसल यूपी विधान सभा चुनाव 2022 के दौरान सबसे ज्यादा चर्चा में आई थी। जब उन्होंने यूपी की व्यवस्था को लेकर सवाल उठाया था और अपना एक भोजपूरी गाने की वीडियो रिलीज किया था।इसमें योगी आदित्यनाथ पर भी व्यंग स्टाइल में उन्होंने तीखा हमला किया था। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था से लेकर यहां की रोजगार व्यवस्था पर उन्होंने सवाल उठाया था।शादी के दौरान नेहा साड़ी पहने नजर आई। उनके घर परिवार के साथ दोस्त और करीबी लोग इस शादी में शामिल होने के लिए आए थे। बताया ज रहा है कि लखनऊ में शादी करने का मुख्य उद्देश्य भीड़भाड़ और बाकी चीजों से दूर रहना है।मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक नेहा सिंह राठौर और हिमांशु पहले से एक दूसरे के संपर्क में थे।दोनों के परिवारों की सहमति के बाद शादी की रस्मों को साकार किया गया।लखनऊ के नीलांश थीम पार्क में शादी समारोह का आयोजन बेहद सादे तरीके से किया गया और इसमें किसी



वीवीआईपी गेस्ट, नेता या अन्य किसी हस्ती को न्यौता नहीं दिया गया।शादी के दौरान नेहा खूबसूरत साड़ी में नजर आ रही हैं।गौरतलब है नेहा सिंह राठौर मशहूर लोक गायिका हैं. वह बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान नीतीश कुमार पर अपने गाने से निशाना साधकर सुर्खियों में आईं थीं।जब उन्होंने बिहार में 'का बा' और फिर यूपी में 'का बा' गाना गाकर धूम मचा दी थी।नेहा ने गानों के जरिए पहले नीतीश कुमार और फिर योगी आदित्यनाथ सरकार पर हमला बोला था।इस गाने ने यूपी चुनाव में खूब सुर्खियां बटारीं।वहीं, सरकार पर निशाना साधने वाली नेहा की शैली को लोक गायिका मैथिली ठाकुर और अनामिका अंबर ने अपने ही अंदाज में जवाब भी दिया था, जिसका वीडियो भी जमकर वायरल हुआ।मालूम हो कि नेहा सिंह राठौर का जन्म साल 1997 में बिहार में हुआ था।वह कैमूर जिले के जलदहां गांव की रहने वाली हैं।वह बिहार के साथ 'यूपी में लोकगायिका के रूप में मशहूर हैं।भोजपुरी और अवधी में उनके गानों को खूब पसंद किया जाता है।वही वह कोरोना जागरुकता पर भी गाना गा चुकी है।

## अयोध्या जिले के 135 तदर्थ शिक्षकों को वेतन मिलना बंद : नौकरी पर भी लगा ग्रहण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) वर्ष 2000 के बाद अशासकीय सहायता प्राप्त कॉलेजों में तैनात तदर्थ शिक्षकों के सामने एक आदेश ने संकट खड़ा कर दिया है।इन शिक्षकों को जहां वेतन मिलना बंद हो गया है वहीं नौकरी पर भी ग्रहण लगा है। जिले में कुल 135 तदर्थ शिक्षक इसकी चपेट में आए हैं जिन्हें मई से वेतन मिलना बंद हो गया है। जिसे लेकर इन शिक्षकों के सामने भविष्य का संकट खड़ा हो गया है।बता दे कि माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. सरिता तिवारी ने अनु सचिव को पत्र लिखकर तदर्थ शिक्षकों पर स्थिति स्पष्ट कर दी है। पत्र में कहा गया है कि इन शिक्षकों को सेवा में बनाए रखना या वेतन दिया जाना नियम संगत नहीं है। इसी के चलते कुछ दिन पहले जिला विद्यालय निरीक्षक ने इन तदर्थ शिक्षकों का वेतन रोकने के निर्देश दिया था। जिसके चलते मई से वेतन आहरण रोक दिया गया है।हालांकि अभी इस मामले में उम्मीद की एक किरण बाकी है। इसके पीछे जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा शासन से इस संबंध में मार्गदर्शन भी मांगा जाना है। जिसकी पुष्टि बुधवार को यहां प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक लेखाधिकारी वीरेश वर्मा ने की है। उन्होंने बताया कि डीआईओएस अवकाश पर गए हैं। यह मामला उनके सामने आया है। इसे लेकर शासन से मार्गदर्शन भी मांगा गया है। उन्होंने बताया कि



शासन स्तर पर भी इस संबंध में विचार चल रहा है संभव है कि गुरुवार तक दिशा–निर्देश जारी हो जाए। प्रभारी डीआईओएस ने बताया कि जिले में मई से पहले तक तदर्थ शिक्षकों का वेतन निर्गत किया गया है।वहीं माध्यमिक शिक्षक संघ वर्मा गुट के उपाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी संजीव चतुर्वेदी ने बताया कि एक प्रतिनिधिमंडल ने इस विषय पर प्रभारी डीआईओएस से भेंट की है।यदि कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आता तो इसे प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने बताया कि संगठन की शीर्ष पदाधिकारी शासन के सम्पर्क में हैं।

## चौकी पर तैनात अनुज कुमार नरसिंह के ऊपर लगा गंभीर आरोप पहुंचा कप्तान साहब के दरबार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) थाना खंडासा क्षेत्र के ग्राम पूरे टिकई पोस्ट बकचुना निवासी मनीराम यादव पुत्र स्वर्गीय सरजू प्रसाद यादव ने खंडासा चौकी पर तैनात अनुज कुमार नर्सिंग के ऊपर लगाया गंभीर आरोप जी हां आपको बताते चलें पीड़ित का कहना है कि गांव निवासी रामदेव यादव पुत्र द्वारिका प्रसाद यादव द्वारा मेरी जमीन पर अवैध कब्जा करना चाहता है जिसको रामदेव द्वारा हटाने के लिए दबाव दिया जाता है कब्जा न हटाए जाने पर ग्राम प्रधान राजेश यादव की मिलीभगत से चौकी पर तैनात सिपाही अनुज नरसिंह द्वारा हमारे घर पर आकर हमें वह हमारे नाती पोते को गाली देते हैं व मारने पीटने की धमकी देते हैं पीड़ित का कहना है की अनुज कुमार नरसिंह विगत तीन चार वर्षों से एक ही चौकी पर तैनात है जो कि वह निडर सिपाही है जिसकी कई बार खबरों के माध्यम से भी सोशल मीडिया पर ऑडियो वायरल हुए थे फिर भी सिपाही के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं की गई पीड़ित मनीराम यादव का कहना है कि जब तक अनुज कुमार नरसिंह को चौकी से नहीं हटाया जाएगा तब तक हम लोग बहुत ही भयभीत व परेशान है जब इस संबंध में पीड़ित से बात की गई तब उसने बताया कि हमने कप्तान साहब को एप्लीकेशन दे दी है देखना यह है कि प्रशासन क्या कार्रवाई करता है।

## नगर निगम की तैयारियों की पोल खोलती सीजन की पहली बारिश

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) नगर निगम देश की सबसे खूबसूरत नगर निगम बनने की जुस्तजू में लगा हुआ है लेकिन सच्चाई इससे कोसों दूर है हालात यह है कि सीजन की पहली बारिश में ही नगर निगम की तैयारियों की पोल खोलकर रख दिया है। शहर के समाजसेवी जाहिद खान वारसी ने बताया कि पिछले साल भी नगर निगम को लिखकर जल भराव वाले अस्थान से नगर निगम को अवगत कराया था। जिस में प्रमुख रूप से, फतेहगंज राम जानकी मंदिर के पीछे ऋषि टोला, शहर की जामा मस्जिद टाटशाह कोठा पर्चा, सिविल लाइन, रिकाबगंज, दिल्ली दरवाजा आदि शहर के तमाम नई कालोनियां भी हैं जिन्हें अभी पानी की निकासी की अस्थाई व्यवस्था नहीं हुई है जिसके कारण महीनों तक वर्षा का पानी एकत्र रहता है जिसके कारण कॉलोनी वासियों का आना जाना भी दुश्वार हो जाता है। एक थोड़ी देर की बारिश में ही शहर के तमाम गलियां और कालोनियां पानी पानी हो गया ना पानी निकासी का सही इंतजाम किया गया है और ना इसके लिए कोई अस्थाई तैयारियां की गई है नतीजतन हर वर्ष अस्थानीये लोगों को सिर्फ आश्वासन मिलता है और फिर बारिश में वही पहले जैसा नजर देखने को लोग मजबूर हैं। लोगों के घरों में बदस्तूर बेहद प्रदूषित पानी घरों में चला जाता है उसी के बीच जिंदगी गुजर बसर करने के लिए लोग बेबस और मजबूर हैं क्या नगर निगम इसओर भी कोई स्थाई समाधान करेगी या यूं ही आसान आश्वासन पर ही विश्व की सबसे सुंदर नगरी अयोध्या बन जाएगी।

## अम्बेडकरनगर और टांडा रोड पर अवैध रूप से संचालित एक दर्जन बसें सीज

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) सूत्र के मुताबिक काफी लम्बे अर्से से अयोध्या – अम्बेडकरनगर और अयोध्या – टांडा मार्ग पर अब तक अवैध रूप से चल रही एक दर्जन बसें बुधवार को पुलिस के हत्थे चढ़ गई।पुलिस ने इन सभी बसों को सीज कर दिया है।जिसमे कई बसें कुछ बड़े लोगों की बताई जा रही है।पुलिस की इस कार्यवाही को लेकर हडकंप मचा हुआ है।बता दे कि काफी शिकायतों के बाद भी पुलिस व परिवहन विभाग इनका संचालन नहीं रोक पा रहा था। जिसके चलते यह बसें बेखौफ होकर अब तक सवारियां ढो रहीं थीं। एसएचओ केके मिश्र के मुताबिक मंगलवार की देर शाम अयोध्या दृ अम्बेडकरनगर व अयोध्या से टांडा जाने वाले मार्ग पर उच्चाधिकारियों के निर्देश पर चेकिंग अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान दोनों रुट पर अवैध रूप से संचालित हो रही चार बसों को महबूबगंज चौकी और आठ बसों को कोतवाली गोसाईगंज में लाकर सीज कर दिया गया।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गोशाईगंज ने बताया कि ओवरलोड सवारियां भरकर कर चलने वाली अवैध बसे आए दिन दुर्घटना का कारण बनती है।फिलहाल आगे भी यह अभियान अनवरत जारी रहेगा।

## राम मंदिर की तर्ज पर बन रहा है श्री राम इंटरनेशनल एयरपोर्ट

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) भगवान राम लला के मंदिर निर्माण के साथ–साथ अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का भी काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। वहीं, 2023 तक श्री राम एयरपोर्ट पर 300 पैसेंजर की क्षमता वाले प्रथम टर्मिनल का संचालन भी शुरू हो जाएगा, तो 3 टर्मिनल वाला अयोध्या एयरपोर्ट 2025 में पूरी तरह बनकर तैयार होगा, वजह है कि अयोध्या के साधु–संत हो या फिर आमजन सब यूपी सरकार की तारीफ कर रहे हैं। हम बात कर रहे हैं राम नगरी में बन रहे अंतरराष्ट्रीय श्री राम एयरपोर्ट की भगवान रामलला के मंदिर निर्माण के साथ–साथ अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का भी काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। वहीं, 2023 तक श्री राम एयरपोर्ट पर 300 पैसेंजर की क्षमता वाले प्रथम टर्मिनल का संचालन भी शुरू हो जाएगा। वहीं, 3 टर्मिनल वाला अयोध्या एयरपोर्ट 2025 में पूरी तरह बनकर तैयार होगा. श्री राम एयरपोर्ट को भगवान राम के मंदिर की तर्ज पर बनाया जा रहा है। भगवान रामलला के मंदिर में लगने वाले बंसी पहाड़पुर के पत्थर को श्री राम एयरपोर्ट में भी लगाया जाएगा साथ ही श्री राम एयरपोर्ट भी मंदिर नुमा होगा, जहां यात्रियों को उतरते ही उन्हें अयोध्या के श्री राम मंदिर की झलक देखने को मिलेगी।

## रेस्टोरेंट के मालिक पर मुकदमा दर्ज

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) खजुरहट चौराहे पर हाइवे के किनारे एक रेस्टोरेंट के दुकानदार को बार–बार चेतावनी देने के बाद भी अतिक्रमण करने के आरोप में उपनिरीक्षक मिथिलेश कुमार चौहान ने कोतवाली में तहरीर देकर दुकानदार के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी गोला बाजार निवासी शिवम मोदनवाल पुत्र शिवनाथ मोदनवाल की दुकान के सामने तमाम गाड़ियां लगी रहती हैं। सार्वजनिक सड़क / राष्ट्रीय राजमार्ग क्षतिग्रस्त हो रहा है तथा सड़क की पटरी पर सड़क दुर्घटना की प्रबल संभावना मौजूद है। बार – बार मना करने के बाद भी आरोपी मान नहीं रहा था। कोतवाल सुमित कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध धारा मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## सॉफ्टवेयर का बहाना : बिल वसूला जा रहा मनमाना

बागपत ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के बड़ौत में नलकूप कनेक्शन साढ़े सात हॉर्स पावर का है लेकिन बिल बनाया जा रहा आठ का, यही स्थिति 12.5 हॉर्स पावर के कनेक्शन की भी है, उसका भी 13 हॉर्स पावर का बिल वसूला जा रहा है। एक दो–नहीं बल्कि पिछले करीब 14 सालों से ऐसा हो रहा है। अब तक बड़ौत और बिनौली ब्लाक के ही 19,500 किसानों से 28 करोड़ रुपये से अधिक धनराशि विद्युत निगम वसूल चुका है। पूरे जिले की धनराशि तो और भी अधिक बैठती है। इसके पीछे बिल बनाने वाले साफ्टवेयर का बहाना बनाया जा रहा है। विद्युत निगम के कंप्यूटर सिस्टम में न तो साढ़े बारह हॉर्स पावर का प्रावधान है और न ही साढ़े सात हॉर्स पावर का। इनकी जगह 13 और आठ हॉर्स पावर का बिल बना देता है। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम क्षेत्र में मेरठ, बागपत, मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर, हापुड़, बुलंदशहर, गाजियाबाद, नोएडा, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, बिजनौर और अमरोहा आदि 14 जिले आते हैं। वहां का आंकड़ा भी लिया जाए तो काफी अधिक धनराशि हो जाती हैं। वर्ष 2008 से साफ्टवेयर इसी तरह से बिल बना रहा है।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।